संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

12 जून 2026, शुक्रवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 261

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### मिडिल ईस्ट में तीन दिन में तीसरे भारतीय जहाज पर अटैक

**नई दिल्ली ।** ओमान तट के पास बुधवार को हुए हमले के 24 घंटे बीतने तक एक और हमला रिपोर्ट किया गया है। ये हमला ओमान के शिनास बंदरगाह के पास एक जहाज पर हुआ है। इस शिप का नाम एमटी जलवीर है और सामने आई तस्वीरों में समुद्र के बीच इस शिप को जलते हुए देखा जा सकता है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद संबंधित अधिकारी हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।




## संक्षिप्त खबरें

### टीएमसी सांसद प्रकाश चिक बड़ाईक ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली ।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को गुरुवार को एक और राजनीतिक झटका लगा जब पार्टी के राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बड़ाईक ने उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा राज्यसभा सचिवालय को सौंपते हुए इसे तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने का अनुरोध किया है। अपने इस्तीफा पत्र में बड़ाईक ने लिखा, 'मैं राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देता हूं, जिसे तत्काल प्रभाव से स्वीकार किया जाए। मैं उपसभापति तथा राज्यसभा सचिवालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग और सहायता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने स्पीकर का आदेश मांगा, नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे ऋतब्रत

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता फिलहाल ऋतब्रत बनर्जी बने रहेंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता पद को लेकर जारी राजनीतिक और कानूनी विवाद के बीच कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को महत्वपूर्ण टिप्पणी की। अदालत ने सवाल उठाया कि क्या विधानसभा अध्यक्ष किसी राजनीतिक दल की सहमति के बिना उसके कथित बागी विधायक को विपक्ष का नेता मान्यता दे सकते हैं, विशेषकर तब जब उसे पार्टी से निष्कासित किया जा चुका हो।

### लालू का मना जन्मदिन

**पटना ।** बिहार की राजनीति के दिग्गज और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन उनके पटना स्थित आवास पर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर उनके पूरे परिवार की मौजूदगी थी, जिसने माहौल को और खुशनुमा कर दिया। पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने उन्हें हैप्पी बर्थडे साहेब कहकर शुभकामनाएं दीं और लालू यादव ने भावुक पल में केक काटा। मगर जश्न की सबसे खूबसूरत और तस्वीर तब सामने आई जब राबड़ी देवी ने अपने हाथों से पति लालू यादव को केक खिलाया।

## मुख्यमंत्री ने नीति आयोग की बैठक में झारखंड के संसाधनों को मानव पूंजी से जोड़ने पर दिया बल

# हमारा फोकस झारखंड के समग्र विकास पर : हेमन्त

## केंद्र से 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया भुगतान, जल जीवन मिशन की राशि, स्पोर्ट्स विवि और मेडिकल कॉलेजों की मंजूरी की मांगें रखीं

### ● झारखंड को मैन्युफैक्चरिंग हब और नॉलेज इकोनॉमी बनाने के संकल्प को दोहराया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीति आयोग की 11वीं बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के समग्र विकास पर बल दिया। उसकी विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की और केंद्र से सहयोग की अपेक्षा की। समग्र विकास की विचारधारा को रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की खनिज संपदा तभी सार्थक होगी, जब उसे मानव पूंजी से जोड़ा जाए।

उन्होंने झारखण्ड को केवल खनिज निकालने वाले राज्य के रूप में देखने की परंपरा से अलग विकास की यात्रा में साझेदार बनाने पर बल दिया। अपनी बातों को विस्तार से रखते हुए कहा कि राज्य के संसाधनों का राज्य में ही वैल्यू एडिशन हो, उससे जुड़ा मैनुफैक्चरिंग हो और राज्य की मानव पूंजी का उसमें उपयोग हो। उन्होंने केंद्र सरकार से क्रिटिकल मिनरल्स आधारित उद्योग विकसित करने के साथ साथ नॉलेज, रिसर्च और इनोवेशन के केंद्र विकसित करने में अपेक्षित सहयोग मांगा।

टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रीन-एनर्जी,लॉजिस्टिक्स और एग्रो- फूड प्रोसेसिंग के बड़े निवेश को झारखंड में बढ़ावा देने की वकालत की। उन्होंने कहा कि माइनिंग और मिनरल्स क्षेत्र में एआई -बेस्ड मिनरल एक्सप्लोरेशन और सस्टेनेबल माइनिंग प्रैक्टिसेज को बढ़ावा देने और झारखंड को उद्योग एवं रोजगार का नया केंद्र बनाने की दिशा में प्रयास जारी है। केंद्र सरकार के सहयोग और मार्गदर्शन के हम आकांक्षी हैं। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल को विकास का मूल आधार बताया।'विकसित भारत ञ्च2047' के लक्ष्य के साथ राज्य को नई दिशा देने की बात कही।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में 38 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों में से 15 हजार के पास भवन नहीं है। इसके बावजूद पोषण अभियान और समार से कुपोषण में सुधार हुआ है। बच्चों को प्रतिदिन अंडा उपलब्ध कराया जा रहा है। 5000 नए आंगनबाड़ी भवन राज्य सरकार अपने संसाधनों से बना रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस से अब आईआईटी और मेडिकल में बच्चों का चयन होने लगा है । राज्य सरकार 5000 उत्कृष्ट विद्यालय बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है।

उन्होंने पीएम श्री और केंद्रीय विद्यालयों की संख्या बढ़ाने की मांग रखी। झारखंड में एनसीआरटी का क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने का आग्रह भी किया गया।

### केंद्र से प्रमुख मांगें

- जल जीवन मिशन की शेष 6000 करोड़ राशि जल्द जारी करने की मांग की गई।
- कोयला कंपनियों पर 1.36 लाख करोड़ के बकाया भुगतान की बात उठाई गई।
- डीएमएफटी के मानकों में संशोधन की आवश्यकता जताई गई।
- भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सरल बनाने का आग्रह किया गया।
- स्कूली शिक्षा से संबंधित विभिन्न निधियों और योजनाओं को एकीकृत किया करने पर बल दिया गया, पीपीपी मोड में 6 नए मेडिकल कॉलेजों में से 4 को स्वीकृति मिल चुकी है — शेष 2 की स्वीकृति भी शीघ्र प्रदान की जाए
- झारखण्ड को राष्ट्रीय, एशियाई और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं तथा खेल महाकुंभों की मेजबानी का अवसर दिया जाए

झारखण्ड के 7 जिले डीवीसी कमांड एरिया के अंतर्गत हैं और 12-13 जिले सीसीएल , ईसीएल एवं अन्य केंद्रीय उपक्रमों के उच्च कमांड एरिया में आते हैं। इन क्षेत्रों में सामाजिक आधारभूत संरचना निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण और भूमि स्वामित्व संबंधी अनुमति प्रक्रियाओं में राज्य सरकार को आवश्यक छूट और सरलीकरण प्रदान किया जाए।

## केंद्र और राज्य मिलकर दे सकते हैं 'विकसित भारत' के साझा लक्ष्य को गति : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र और राज्य विकास के साझेदार के रूप में मिलकर कार्य करें तो भारत 'विकसित भारत' के साझा लक्ष्य की दिशा में और अधिक तेजी से आगे बढ़ सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। नीति आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ने बैठक में कहा कि दुनिया इस समय अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, लेकिन भारत आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी विकास यात्रा को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए सभी की सामूहिक जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्यों के बीच सहयोग, संवाद और अनुभवों का आदान-प्रदान विकास का आधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नीति आयोग राज्यों के बीच समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देने वाला एक प्रभावी मंच बन सकता है। राज्य एक-दूसरे के अनुभवों से सीखते हुए विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में मिलकर कार्य कर सकते हैं।

## गुमला : सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

संवाददाता

**गुमला ।** बसिया-कोलेबीरा थाना क्षेत्र के सीमांत स्थित अघरमा गांव में गुरुवार को एक सड़क हादसे में तीन मासूम बच्चों सहित पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार स्कॉर्पियो (जेएच 01 बी एम 54 54) में सवार एक ही परिवार के नौ लोग लोहरदगा से कोलेबिरा प्रखंड के लसिया मेहमानी आ रहे थे। कार जब अघरमा गांव के समीप पहुंची तो चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और कार सड़क के किनारे एक पेड़ से जा टकराई। इस दौरान स्कार्पियों की रफ्तार काफी तेज थी। लिहाजा कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में मरने वालों की पहचान लोहरदगा निवासी 58 वर्षीय गुलाम मुस्तफा, 5 वर्षीय अर्श हाशमी, 3 वर्षीय अनाबिया परवीन, 55 वर्षीय गुलशन और



लसिया कोलेबिरा प्रखंड निवासी डेढ़ वर्षीय आयरा परवीन रूप में हुई।

गुलाम मुस्तफा एवं गुलशन दोनों पति-पत्नी थे। दुर्घटना के बाद वाहन में सवार लोगों की रोने की आवाज सुनकर अगल-बगल के लोग दुर्घटना स्थल पहुंचे। दुर्घटनाग्रस्त वाहन में फंसे सभी घायलों को किसी तरह बाहर निकाला। ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस को फोन किया जो आधा घंटे की देरी पहुंची। इस बीच कुछ घायलों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही कोलेबिरा पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची और गंभीर रूप से घायल एक महिला-एक पुरुष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मगर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने अपने-अपने वाहनों से अन्य घायलों को उठाकर तत्काल कोनबीर रेफरल अस्पताल ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने 5 वर्षीय उमर नवाज, पिता अर्श नवाज, 28 वर्षीय हिना परवीन, 33 वर्षीय अकरम खलीफा एवं 30 वर्षीय नेहा परवीन को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। वहीं, पुलिस ने मृतक के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

## कैदियों की रिहाई पर झारखंड हाईकोर्ट सख्त, राज्य सरकार से मांगा जवाब

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड उच्च न्यायालय ने आधी अथवा एक-तिहाई सजा पूरी कर चुके कैदियों की रिहाई से संबंधित जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को प्रार्थी के सुझावों के आलोक में अपना जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक एवं न्यायमूर्ति राजेश शंकर की




खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। सरकार की ओर से अधिवक्ता मो. शहाबुद्दीन ने पक्ष रखा। मामले को लेकर स्टेन स्वामी एवं अन्य की ओर से उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल की गई। मामले में राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई सॉफ्ट कॉपी रिपोर्ट पर याचिकाकर्ता ने अपना लिखित जवाब और सुझाव कोर्ट में पेश किया। यह रिपोर्ट राज्य की जेलों में बंद आधी या एक तिहाई सजा काट चुके करीब 1000 कैदियों से संबंधित थी। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह प्रार्थी के इस लिखित जवाब के आलोक में अपना जवाब और सुझाव प्रस्तुत करें।

## साहिबगंज पेंशन घोटाला मामले में एसआईटी गठित

### दो कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

संवाददाता

**साहिबगंज ।** साहिबगंज जिले के बोरियो और बरहेट प्रखंड में सामने आए कथित पेंशन घोटाला मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कंप्यूटर ऑपरेटरों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में बोरियो प्रखंड के शशि कुमार उर्फ मुन्ना और बरहेट प्रखंड के राहुल कुमार शामिल हैं।एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि बोरियो बीडीओ और बरहेट बीडीओ से प्राप्त शिकायत के आधार पर दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी.बोरियो थाना कांड संख्या 48/26 और बरहेट थाना कांड संख्या 71/26 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अब दोनों आरोपियों से जुड़े दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच कर रही है तथा जरूरत पड़ने पर पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।पेंशन योजना में कथित अनियमितता की जांच के दौरान जिला प्रशासन ने बोरियो प्रखंड कार्यालय से बड़े पैमाने पर दस्तावेज और तकनीकी सामग्री जब्त की है।अधिकारियों ने लगभग 20 हजार आवेदन प्रपत्र, कंप्यूटर, भुगतान संबंधी रिकॉर्ड और अन्य महत्वपूर्ण कागजात अपने कब्जे में लिए हैं। शिकायत मिलने के बाद जिला प्रशासन ने पेंशन भुगतान पर फिलहाल रोक लगा दी है। डीसी के निर्देश पर डीडीसी सतीश चन्द्र के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है। वहीं स्थानीय लोगों ने मांग की है कि केवल बोरियो और बरहेट ही नहीं, बल्कि जिले के सभी नौ प्रखंडों में पेंशन योजनाओं की जांच कराई जाए ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आ सके।

## शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में पथराव भागवत की बोगी का शीशा टूटा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लखनऊ से दिल्ली जा रही हाईस्पीड ट्रेन शताब्दी एक्सप्रेस पर गुरुवार शाम मक्खनपुर और फिरोजाबाद रेलवे स्टेशनों के बीच कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों ने पथराव कर दिया। इस घटना से रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में खलबली मच गई, क्योंकि इसी ट्रेन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत भी सवार थे। गनीमत यह रही कि इस पथराव में संघ प्रमुख पूरी तरह सुरक्षित हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत शताब्दी एक्सप्रेस के एग्जीक्यूटिव क्लास के ई-1 कोच में यात्रा कर रहे थे। ट्रेन जब मक्खनपुर-फिरोजाबाद के बीच से गुजर रही थी, तभी अचानक बोगी को निशाना बनाकर पत्थर से हमला किया गया। पत्थर



सीधे उसी बोगी पर जा लगा जिसमें संघ प्रमुख मौजूद थे, जिससे खिड़की का एक शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, गनीमत यह रही कि मोहन भागवत दूसरी साइड बैठे थे। पत्थर से खिड़की का कांच टूट गया। सुरक्षा और सतर्कता को देखते हुए ट्रेन को बीच रास्ते में कहीं भी रोका नहीं गया और उसे सीधे आगे के लिए रवाना रखा गया।

## टंडाबाडी में धंसी जमीन आंगनबाडी और स्कूल ध्वस्त



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**कतरास।** सोनारडीह टंडाबाडी में तड़तड़ाहट के साथ एक बार फिर भू धंसान की घटना हुई। इससे अफरातफरी मच गई। घटना में बसंत भुइयां, टिंकू हांडी के आवास के अलावा एक आंगनबाड़ी केंद्र,एक गैरेज व एक पीडीएस दुकान सहित स्कूल भू-धंसान की जद में आ गया। जमीन में भी दरार पड़ ग??ई है।घटना के बाद आसपास में रहने वाले लोग भयभीत हो गए हैं। वे लोग अपनी अपनी जालमाल की रक्षा करते हुए वहां से भाग निकले और इसकी जानकारी कोलियरी प्रबंधन को दी। लेकिन समाचार लिखे जाने तक न हीं कोलियरी प्रबंधन और न हीं स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची है। घटना के बाद से इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया है।बताया जाता है कि उक्त स्थान में जमीन धंसने व आवास ढहने की यह पांचवीं घटना है। घटना के बाद ग्रामीणों में गहरा रोष है। बसंत भुइयां और टिंकू हांडी ने बताया कि शाम करीब 5:00 बजे तड़तड़ाहट की आवाज के साथ जमीन फट गई। कई आवास गिरने लगा, दीवारों में दरार पड़ गई, कुछ लोग दरार स्थल की और गए थे।

## राज्यपाल सचिवालय ने एसकेएमयू के कुलपति से मांगी रिपोर्ट

### ● प्रॉक्टर डॉ. राजीव की नियुक्ति-प्रोन्नति में अनियमितता के आरोपों की होगी समीक्षा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची।** एसकेएमयू के कुलानुशासक डॉ. राजीव कुमार की नियुक्ति एवं प्रोन्नति में कथित अनियमितताओं के आरोपों को लेकर राज्यपाल सचिवालय ने विश्वविद्यालय प्रशासन से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। इस संबंध में राज्यपाल सचिवालय, रांची की ओर से कुलपति को रिमाइंडर पत्र जारी करते हुए सात दिनों के भीतर बिंदुवार प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

राज्यपाल सचिवालय के अवर सचिव संजय कुमार द्वारा तीन जून 2026 को जारी पत्र में कहा गया है कि संथाल परगना क्षेत्र के लिए कार्यरत संगठन एआईएससीटीबीसी (AISCTBC) के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार दास ने अपने पत्रांक-26, दिनांक 18 मई 2026 के माध्यम से डॉ. राजीव कुमार, कुलानुशासक, एसकेएमयू दुमका की नियुक्ति एवं प्रोन्नति में कथित अनियमितताओं से संबंधित आरोप लगाए हैं। शिकायत के समर्थन में साक्ष्य संलग्न किए जाने की भी जानकारी दी गई है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि इस मामले में राज्यपाल सचिवालय ने पूर्व में 30 अप्रैल 2026 को भी विश्वविद्यालय से प्रतिवेदन मांगा था, लेकिन अब तक वांछित रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। इसके बाद सचिवालय ने इसे गंभीरता से लेते हुए रिमाइंडर जारी किया है। राज्यपाल सचिवालय ने कुलपति को निर्देश दिया है कि शिकायत के साथ संलग्न दस्तावेजों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए संबंधित प्रतिवेदन सात दिनों के भीतर उपलब्ध कराया जाए।

शेष पेज 2 पर...

## बिहारी बाबू ने कहा, मैं नहीं छोड़ूंगा ममता दीदी का साथ

एजेंसी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में जारी बगावत और उथल-पुथल के बीच, सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने उन अफवाहों पर विराम लगाया है, जिसमें उनके पार्टी छोड़ने की बात सामने आई थी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे ममता बनर्जी और टीएमसी के साथ ही बने रहने वाले है आसनसोल लोकसभा सीट से सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा



कि ममता ने मेरे मुश्किल वक्त में मेरा पूरा साथ दिया था। अब जब पार्टी और वह खुद एक दुख की घड़ी से गुजर रही हैं, तब मैं उनके साथ खड़ा रहूंगा। उन्होंने दृढ़ता से कहा, मैं टीएमसी छोड़कर नहीं जाऊंगा।

## रास चुनाव : 14 उम्मीदवार निर्विरोध जीते, भाजपा से 10, कांग्रेस से 4 चुने गए

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** राज्यसभा चुनाव में गुरूवार को भाजपा को बड़ी सफलता मिली। 14 उम्मीदवार गुरुवार को निर्विरोध राज्यसभा चुनाव जीत गए। इनके सामने कोई और कैंडिडेट खड़ा नहीं था। इनमें 10 भाजपा और 4 कांग्रेस से हैं। चुनाव जीतने वालों में कर्नाटक से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और मीडिया व प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा का नाम शामिल है। वहीं, राजस्थान से भाजपा के सतीश पूनिया, अलका गुर्जर और कांग्रेस के नीरज डांगी निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। इसके अलावा गुजरात से भाजपा के सभी चार राज्यसभा उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। वहीं,मप्र से भाजपा के रजनीश अग्रवाल, तरुण चुघ और महेश केवट की जीत हुई है। हालांकि, इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के खिलाफ पार्टी की याचिका पर सुनवाई शुक्रवार तक के लिए टाल दी थी। इस बीच महेश केवट को मप्र की तीसरी सीट से निर्विरोध जीत घोषित कर दी गई है। इसको लेकर मप्र से लेकर दिल्ली तक राजनीति गरमा गई है।

दरअसल, तीसरी सीट के लिए कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाया था। कांग्रेस के पास संख्या बल भी था, लेकिन 9 जून को नटराजन का नामांकन फॉर्म निरस्त कर दिया गया था। कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के खारिज कर दिए जाने के बाद, राज्य की तीसरी राज्यसभा सीट पर मुकाबला भी समाप्त हो गया है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान, भाजपा ने कांग्रेस उम्मीदवार पर हलफनामे में आपराधिक मामले/कोर्ट नोटिस की जानकारी छिपाने का आरोप लगाया था। आपत्तियों की जांच और सुनवाई के बाद उनका पर्चा निरस्त कर दिया गया। इसके साथ ही, भाजपा के तीनों उम्मीदवारों तरुण चुघ, रजनीश अग्रवाल और महेश केवट का निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित हो गए हैं। भाजपा के तीनों उम्मीदवार जीत का सर्टिफिकेट हासिल कर लिया है।

**Dev Sangha Institute of Professional Studies and Educational Research**

Dev Sangha, Bompas Town, Deoghar, Jharkhand- 814114

NCTE Recognised * UGC Recognised * SKMU Affiliated * JAC Affiliated (JAC) * NAAC Accredited

[ADVT. NO. DIPSER/ADVT/26-27/D/01 Dated 12.06.2026]

**Walk-in-Interview**

On: 23rd JUNE, 2026 from 11:00 AM to 05:00 PM

For the Post of:

**Professor – 01 ( For M.Ed. )**

Qualification: As per NCTE Norms

Venue: Dev Sangha Institute of Professional Studies and Educational Research, Dev Sangha, Bompas Town, Deoghar, Jharkhand - 814114

[M] 8340504445 / 7908886884

Note: Please attend with your application detailing there in Date of Birth, Qualification Details (With Percentage of Marks), Teaching Experience, Present Position Held, Salary Drawn, Special Achievements, Recent Passport Size Colour Photograph, and Originals as well as Self-Attested Copies of Certificates & Testimonials for instant verification.

- Secretary, DSSP & DIPSER

## गोड्डा स्टेशन पर 49 करोड़ रुपये से बनेगा रेल डिब्बा अनुरक्षण केंद्र

**गोड्डा संवाददाता।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा गोड्डा स्टेशन पर रेलवे अवसंरचना को मजबूत बनाने और परिचालन सुविधाओं का विस्तार करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में अमृत भारत स्टेशन गोड्डा पर बहु-चरणीय योजना के तहत रेल डिब्बा अनुरक्षण केंद्र विकसित किया जा रहा है। यह परियोजना स्टेशन की परिचालन एवं रखरखाव संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।परियोजना के प्रथम चरण में 600 मीटर लंबी रेल डिब्बा निरीक्षण लाइन तथा 600 मीटर लंबी रेल डिब्बा खड़ीकरण लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इन सुविधाओं के विकसित होने से रेल डिब्बों की नियमित जांच, अनुरक्षण और सुरक्षित खड़ीकरण की व्यवस्था बेहतर होगी। इससे ट्रेनों के संचालन में दक्षता बढ़ेगी तथा यात्रियों को अधिक विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। रेल डिब्बों की मरम्मत और अनुरक्षण कार्यों के लिए 60 मीटर लंबा एवं 15 मीटर चौड़ा कार्यशाला शेड भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा केंद्र के सुचारु संचालन के लिए सेवा कक्ष, यांत्रिक विभाग कार्यालय, विद्युत उपकेंद्र तथा वायु दाब कक्ष जैसी आवश्यक सुविधाओं का निर्माण भी किया जा रहा है।परियोजना के अंतर्गत अनुरक्षण एवं परिचालन कार्यों के लिए जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 50 हजार लीटर क्षमता की एक ऊंची जल टंकी का निर्माण भी किया जा रहा है। इससे केंद्र में आवश्यक जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।रेलवे अधिकारियों के अनुसार परियोजना के प्रथम चरण की अनुमानित लागत लगभग 49 करोड़ रुपये है। प्रथम चरण पूरा होने के बाद गोड्डा स्टेशन की अनुरक्षण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## राज्यसभा चुनाव पर इंडिया गठबंधन के दोनों उम्मीदवारों की जीत तय : विनोद पांडेय



संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने दावा किया है कि झारखंड में होने वाले राज्यसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के दोनों प्रत्याशी निश्चित रूप से विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन के पास पर्याप्त संख्या बल मौजूद है और चुनाव परिणाम को लेकर किसी प्रकार की अनिश्चितता नहीं है।

विनोद कुमार पांडेय गुरुवार को जामताड़ा के दुलाडीह नगर भवन में आयोजित झामुमो के जिला स्तरीय बूथ सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार को समर्थन देकर भाजपा ने राज्य की राजनीतिक परिस्थितियों को प्रभावित करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि यह कदम जनता के बीच भ्रम पैदा करने और राजनीतिक संदेश को भटकाने का प्रयास है।हॉर्स ट्रेडिंग की आशंकाओं पर पूछे गए सवाल के जवाब में पांडेय ने कहा कि विधायकों की खरीद-फरोख्त की चर्चाएं तब शुरू हुईं जब चुनावी मैदान में तीसरे उम्मीदवार का प्रवेश हुआ। उन्होंने इसे भाजपा की रणनीति बताते हुए कहा कि चुनाव को अनावश्यक रूप से त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया गया है।उन्होंने भाजपा से यह भी सवाल किया कि यदि पार्टी स्वयं को देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति मानती है, तो उसने अपना आधिकारिक उम्मीदवार मैदान में उतारने के बजाय निर्दलीय प्रत्याशी का समर्थन क्यों किया।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर मजबूती और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## पेसा नियमावली-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन पर मंथन



**जामताड़ा।** जामताड़ा समाहरणालय स्थित एसजीएसवाई प्रशिक्षण भवन सभागार में गुरुवार को पंचायत उपबंध झारखंड नियमावली-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार, उप विकास आयुक्त असीम किस्पोट्टा, परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप तथा अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।उपायुक्त ने कहा कि पेसा नियमावली का उद्देश्य ग्राम सभाओं को निर्णय लेने वाली सशक्त इकाई के रूप में विकसित करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विकास योजनाएं स्थानीय जरूरतों और ग्रामीणों की सहभागिता के आधार पर तैयार हों, ताकि विकास का लाभ सीधे समुदाय तक पहुंचे। साथ ही प्रशासन और ग्रामीण समाज के बीच विश्वास एवं समन्वय बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।सम्मेलन में रांची से आए मास्टर ट्रेनर ने नियमावली के विभिन्न प्रावधानों, स्वशासन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, सांस्कृतिक पहचान और जनभागीदारी पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज पदाधिकारी पंकज कुमार रवि, जिला नियोजन पदाधिकारी प्रशांत टुडू, जिला मत्स्य पदाधिकारी रितु रंजन, भूमि संरक्षण पदाधिकारी सुशांत कण्डुलना, बीडीओ, प्रशिक्षु उप समाहर्ता, ग्राम प्रधान एवं अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## गोड्डा में दस दिवसीय समर डांस वर्कशॉप का समापन




**संताल एक्सप्रेस गोड्डा।** डांस रियलिटी शो सुपर डांसर सीजन 3 की विनर रूपसा बटब्याल जब गुरुकुल डांस एकेडमी के दस दिवसीय समर डांस वर्कशॉप के समापन समारोह के अवसर पर बुधवार शाम स्थानीय शुभदा विवाह भवन के मंच पर जलवानिगार हुई तो उनकी प्रतिभा और ऊर्जा को देख दर्शक आश्चर्यचकित हो गए। पूरा प्रशाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी डॉ. बैद्यनाथ उरांव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में बच्चे जिस लाइन में अपना करियर बनाना चाहे, हमें अपने बच्चों कैरियर को सिलेक्ट करने का ना सिर्फ अवसर प्रदान करना चाहिए बल्कि उनका सपोर्ट भी करना चाहिए। नृत्य का क्षेत्र संभावनाओं से भरा वह क्षेत्र है जहां नेपोटिज्म नाम की कोई बाधा नहीं है और धन के साथ मान और सम्मान कमाने का भी इसमें समान अवसर मिलता है। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर अध्यक्ष जितेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू मंडल, जिला कला - संस्कृति निदेशक सुरजीत झा, जिप अध्यक्षा प्रतिनिधि सूरज सिंह, लोकमंच सचिव सर्वजीत झा अंतेवासी, डोन बोस्को स्कूल निदेशक अमित राय, जीसस एंड मेरी इंग्लिश कॉन्वेंट स्कूल निदेशक अतुल्य भास्कर, मलिक सिन्हा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे।

## गोड्डा में ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार



**गोड्डा संवाददाता।** गोड्डा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर के कारोबार में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से कुल 5.70 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है। मामले की जानकारी नगर थाना प्रभारी दिनेश कुमार महली ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। इस दौरान गिरफ्तार आरोपी भी पुलिस अभिरक्षा में मौजूद थे।पुलिस अधीक्षक गोड्डा के निर्देश पर लगातार चल रही छापेमारी के क्रम में 11 जून को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि नगर थाना क्षेत्र के चपरासी टोला स्थित राहुल कुमार साह के घर में कुछ युवकों के साथ ब्राउन शुगर की अवैध खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया और पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अंचल अधिकारी हलधर सेठी के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया।

## फेसबुक पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर छवि बिगाड़ने का आरोप

**जामताड़ा।** जामताड़ा के समाजसेवी तरुण कुमार गुप्ता ने सोशल मीडिया पर फर्जी फेसबुक प्रोफाइल के जरिए उनकी और उनके परिवार की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की साजिश रचे जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने साइबर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और मामले की जांच की मांग की।शिकायत में कहा गया है कि ÷जामताड़ा विकास की ओर÷ नाम से संचालित एक फेसबुक पेज अथवा अकाउंट पर लगातार आपत्तिजनक पोस्ट और टिप्पणियां साझा की जा रही हैं। इन पोस्टों में उनके परिवार के साथ-साथ नगर पंचायत अध्यक्ष को भी निशाना बनाया जा रहा है। उनका आरोप है कि अभद्र भाषा का प्रयोग कर समाज में भ्रम फैलाने और उनकी सार्वजनिक छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।तरुण गुप्ता ने दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## गोड्डा के सांसद कार्यालय चोरी कांड का आरोपी गिरफ्तार

**गोड्डा संवाददाता।** भागलपुर के तिलकामांझी थाना क्षेत्र स्थित सांसद अजय कुमार मंडल के कार्यालय में हुई चर्चित चोरी की घटना का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस मामले में झारखंड के गोड्डा जिले के रौताड़ा वार्ड संख्या-03 निवासी अमन कुमार झा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पिता का नाम निगम झा बताया गया है। घटना के खुलासे के बाद गोड्डा और भागलपुर दोनों जिलों में मामले की चर्चा हो रही है।पुलिस के अनुसार 8 जून को सांसद कार्यालय से अंगरक्षक का सरकारी पिस्टल, 35 गोलियां, सीसीटीवी का डीवीआर, यूपीएस तथा अन्य सामान चोरी कर लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच करते हुए तकनीकी साक्ष्य एवं स्थानीय सूचनाओं के आधार पर आरोपी की पहचान की।जांच के दौरान रौताड़ा वार्ड संख्या-03 निवासी अमन कुमार झा का नाम सामने आया। इसके बाद गोड्डा पुलिस के सहयोग से उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।

## नारायणपुर-करमाटांड़ को मिलेगी निर्बाध बिजली

**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले के नारायणपुर और करमाटांड़ प्रखंड के बिजली उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। क्षेत्र में लंबे समय से बनी लो वोल्टेज और अनियमित बिजली आपूर्ति की समस्या जल्द दूर होने वाली है। विद्युत विभाग ने भागाबांध में स्थापित नए 132/33 केवी ग्रिड को चालू करने की प्रक्रिया तेज कर दी है।विद्युत कार्यपालक अभियंता अभिषेक आनंद ने बताया कि भागाबांध स्थित 50 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर को सफलतापूर्वक चार्ज कर दिया गया है। वहीं ग्रिड से पावर सब-स्टेशन तक जाने वाली 33 केवी लाइन भी पूरी तरह तैयार कर तकनीकी रूप से सक्रिय कर दी गई है। अब पूरे सिस्टम का परीक्षण किया जाएगा, जिसके बाद नारायणपुर और पबिया पावर सब-स्टेशनों को सीधे भागाबांध ग्रिड से बिजली मिलने लगेगी।वर्तमान में इन क्षेत्रों को जामताड़ा ग्रिड के माध्यम से लगभग 12 मेगावाट बिजली आपूर्ति की जाती है। नए ग्रिड के संचालन से यह पूरा भार भागाबांध ग्रिड पर स्थानांतरित हो जाएगा, जिससे जामताड़ा ग्रिड पर दबाव कम होगा और आपूर्ति व्यवस्था अधिक सुदृढ़ बनेगी।इसके अलावा करमाटांड़ तक लाइन विस्तार कार्य भी अंतिम चरण में है। शेष पोल लगाने का कार्य एक सप्ताह में पूरा होने की संभावना है। नई व्यवस्था लागू होने पर उपभोक्ताओं को बेहतर वोल्टेज, कम ट्रिपिंग और अधिक भरोसेमंद बिजली सेवा का लाभ मिलेगा।

## आम महोत्सव-2026 के जरिए पर्यावरण संरक्षण की नई पहल




**महागामा।** पर्यावरण संरक्षण, हरियाली और ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महागामा प्रखंड में आयोजित होने वाला ÷आम महोत्सव-2026 अब जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। महोत्सव के तहत अधिक से अधिक आम के पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि आने वाले वर्षों में क्षेत्र को हरित एवं समृद्ध बनाया जा सके। महोत्सव की तैयारियों के दौरान स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि हर घर, हर आंगन और खेतों की मेड़ पर आम का पौधा लगाया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि एक पौधा लगाने का छोटा प्रयास भविष्य में पर्यावरण संरक्षण, फल उत्पादन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा योगदान साबित होगा।विशेषज्ञों के अनुसार आम का पेड़ न केवल स्वादिष्ट फल प्रदान करता है, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, भूजल संरक्षण, स्वच्छ वायु उपलब्ध कराने तथा जैव विविधता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी कारण आम महोत्सव को केवल पौधारोपण कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य गढ़ने की एक महत्वपूर्ण मुहिम माना जा रहा है।महोत्सव से जुड़े लोगों ने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार एक-एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो कुछ ही वर्षों में महागामा क्षेत्र हरियाली से आच्छादित हो जाएगा। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों की आय बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी।

## ओवरब्रिज नहीं, छोटा अंडरपास मिला; रेलवे के खिलाफ जमुआ-पैरडीह में फूटा ग्रामीणों का आक्रोश



**गोड्डा प्रतिनिधि।** जमुआ-पैरडीह क्षेत्र में रेलवे द्वारा निर्माणाधीन वाशिंग पिट परियोजना के समीप बनाए गए अंडरपास को लेकर गुरुवार सुबह ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुटे और रेलवे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि परियोजना के लिए सहमति लेते समय रेलवे की ओर से अंडरपास के साथ भविष्य में ओवरब्रिज निर्माण का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब उस वादे से पीछे हटने की बात सामने आ रही है।ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में बनाया गया अंडरपास काफी संकरा और छोटा है, जिससे बड़ी गाड़ियों का आवागमन संभव नहीं हो सकेगा। लोगों ने बताया कि किसी आपात स्थिति में दमकल वाहन, एंबुलेंस या अन्य बड़े वाहन गांव तक पहुंचने में परेशानी का सामना करेंगे। अंडरपास में एक समय में केवल एक ही वाहन गुजर सकता है। यदि दोनों ओर से वाहन आ जाएं तो किसी एक को पीछे हटना पड़ेगा, जिससे जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है।ग्रामीणों ने कहा कि रास्ता लंबा होने के साथ कई स्थानों पर मोड़ भी हैं, जिससे आवागमन और कठिन हो जाएगा। लोगों का आरोप है कि रेलवे ने जो भरोसा दिलाया था, अब उससे पीछे हटता दिखाई दे रहा है। हालांकि अभी तक ग्रामीणों और रेलवे के वरीय अधिकारियों के बीच कोई औपचारिक वार्ता नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि मौके पर मौजूद एक रेलवे अधिकारी द्वारा कही गई ।

## लुखिमुनि सोरेन भाजपा में शामिल संगठन को मिला नया संबल

**जामताड़ा।** जामताड़ा प्रखंड की मेंझिया पंचायत की पंचायत समिति सदस्य लुखिमुनि सोरेन ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर राजनीतिक हलकों में नई चर्चा को जन्म दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष सुमित शरण की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में उनके साथ दर्जनों महिलाओं ने भी पार्टी की सदस्यता ली।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुमित शरण ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद, सुशासन और जनकल्याण के मूल्यों पर आधारित संगठन है। उन्होंने कहा कि लुखिमुनि सोरेन और महिला कार्यकर्ताओं के जुड़ने से पंचायत स्तर पर संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनहितकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन्हीं कार्यों से प्रभावित होकर लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने आदिवासी समाज के सम्मान और विकास के लिए भाजपा के योगदान को भी रेखांकित किया।सदस्यता ग्रहण के बाद लुखिमुनि सोरेन ने कहा कि वे पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुई हैं और जनसेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगी। मंडल प्रभारी चंदन राउत, मंडल अध्यक्ष सुब्रजीत मंडल तथा रमेश पंडित ने भी संगठन की मजबूती और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते जनसमर्थन पर विश्वास जताया।कार्यक्रम में सुजीत दास, लक्ष्मीकांत भंडारी, रसोमुनी सोरेन, बसंती मुर्मू, कामली मुर्मू, सुनीता हांसदा, उर्मिला मुर्मू, ललिता हेंब्रम, गोरोंपति बास्की, मंगोली मरांडी, सम्मी हेंब्रम, चुड़की हांसदा, बिजौली हांसदा, मनोकी मरांडी, अनीता किस्कु, सनातन मरांडी और विपन मरांडी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## कुंडहित में धान बीज वितरण का उद्घाटन

**कुंडहित (जामताड़ा)।** खरीफ फसल वर्ष 2026-27 के अंतर्गत गुरुवार से कुंडहित प्रखंड के बाबूपुर लैम्पस में अनुदानित पर धान बीज का वितरण का उद्घाटन प्रमुख एंव जिप सदस्य संयुक्त रुप से फीता काट कर किया। उद्घाटन के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के 30 किसानो ने 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर धान बीज खरिदारी की। साथ ही बीज वितरण किसानों के ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। बाबूपुर लैंप्स में एमटीयू 7029 किस्म का कुल 50 क्विंटल स्वर्ण धान का बीज बाबुपुर लैम्पस द्वारा जिला बीज गोदाम से उठाव किया गया है। उद्घाटन के मौके पर पुर्व जिप सदस्य भजहरी मंडल ने बताया कुंडहित प्रखंड में बाबुपुर लैम्पस धान बीज लाने से स्थानीय किसानों को बहुत सारे लाभ हुआ। धान बीज किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर वितरण किया जा रहा है। बीज प्राप्ति के लिए किसानों को उनके मोबाइल पर आए ओटीपी की जानकारी लैंम्पस अध्यक्ष को देने के बाद बीज प्राप्त कर पायेंगे। मौके पर प्रमुख रामकिशोर मुर्मू ने बताया इस साल मौसम के साथ किसान भी धान बुआई कार्य में देरी हो रहा है। समय पर बीज मिलने से खेतों में बुआई किया जा सकता है । अभी खेतों में बीज डालने का समय हो गया है । मौके पर जिप सदस्य रीना मंडल, प्रखंड प्रभारी कृषि पदाधिकारी मनोरंजन मिर्धा, बीटीएम सुजीत कुमार सिंह, एटीएम अमिर हेम्बरम,लैम्पस अध्यक्ष मंटु किस्कु, सचिव भवेश मंडल, विवेक मंडल, तथा काफी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

## नियुक्ति पत्र का इंतजार लंबा, चौकीदार भर्ती के सफल अभ्यर्थी पहुंचे डीसी दरबार



**जामताड़ा।** चौकीदार भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए जाने से सफल अभ्यर्थियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। बुधवार को अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर लंबित नियुक्ति प्रक्रिया को जल्द पूरा कराने की मांग उठाई।अभ्यर्थियों ने बताया कि विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत चौकीदार पदों पर बहाली के लिए 17 फरवरी 2025 को अधिसूचना जारी की गई थी। इसके बाद 27 अप्रैल को लिखित परीक्षा आयोजित हुई, जबकि 5 मई को परिणाम प्रकाशित किया गया। शारीरिक दक्षता जांच और दौड़ प्रतियोगिता 14 व 15 मई को संपन्न हुई तथा 19 मई को उसका परिणाम घोषित किया गया। शारीरिक माप-तौल समेत अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के बाद 21 मई को अंतिम मेधा सूची जारी कर दी गई थी।सफल अभ्यर्थियों का आरोप है कि चयन सूची प्रकाशित होने के काफी समय बाद भी नियुक्ति पत्र नहीं दिए गए हैं। उनका कहना है कि राज्य के कई अन्य जिलों में इसी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिल चुकी है, जबकि जामताड़ा में मामला अब भी अधर में लटका हुआ है।अभ्यर्थियों ने कहा कि नियुक्ति में हो रही देरी से उन्हें आर्थिक, मानसिक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने जिला प्रशासन से जल्द नियुक्ति पत्र जारी कर चयनित उम्मीदवारों को राहत देने की मांग की है।

## दलाबड़ में श्री श्री 1008 महाशक्ति महायज्ञ को लेकर निकाली कलश यात्रा



**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** नाला दलाबड़ काली मंदिर प्रांगण में गुरूवार को श्री श्री 1008 महाशक्ति महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई।यह कलश यात्रा वाराणसी के आचार्य परमात्मा पांडेय के सानिध्य में निकाली गई। कलश यात्रा में 1008 कुंवारी कन्याओं के द्वारा विधिवत रूप से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कुरली नदी से जल संकल्प की गई। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में मुकेश झा सह पत्नी के द्वारा जल संकल्प कराया गया। मालूम हो कि कलश यात्रा का दृश्य अत्यंत ही शोभनीय एवं आकर्षक रहा।गाजे बाजे के साथ बच्चे एवं युवतियां जयकारे के साथ कलश यात्रा में शामिल हुए।मौके पर कमिटी के अध्यक्ष समर माजी, सचिव गणेश चंद्र मित्रा,पंकज झा, चंद्र मोहन घोष ,आशीष तिवारी, कैलाश मंडल,सुशील घोष,जितेन माजी,गौरी सिंह, वृन्दावन घोष,बुलबुल माजी,गंगाधर घोष,विजय सिंह,निमाई , विकास कुमार यादव,पुअनि हेमकांत ठाकुर,एएसआई निताई दास,एएसआई चंदन कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी सशस्त्र बल साथ मौजूद थे।

## जामताड़ा में आज दो बड़े जनहित अभियान, दिव्यांग जांच शिविर

**जामताड़ा।** जामताड़ा जिला प्रशासन ने आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 12 जून को दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश पर एक ओर जिला स्तरीय दिव्यांगता जांच शिविर लगाया जाएगा, वहीं दूसरी ओर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार पंजीकरण एवं अद्यतन के लिए पंचायतवार विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे।सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित दिव्यांगता जांच शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम दिव्यांगजनों की जांच कर पात्र लाभुकों को नियमानुसार दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करेगी।

## सीएलडब्ल्यू कर्मचारियों को कई लंबित मांगों पर प्रशासन ने दिखाई तत्परता

**चित्तरंजन।** चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडब्ल्यू) के कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर बुधवार को चित्तरंजन रेलवेमेन कांग्रेस (सीआरएमसी) के प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक से मुलाकात की। बैठक में संगठन ने कर्मचारियों के हित में लिए गए कई फैसलों पर रेलवे प्रशासन का आभार जताया।प्रतिनिधिमंडल ने क्रेन ड्राइवर पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने, 40 प्रतिशत इंडक्शन कोटा के तहत रिक्त पद भरने तथा टाउनशिप में सुरक्षा बढ़ाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने जैसे कदमों की सराहना की। वहीं जूनियर इंजीनियर पद पर पदोन्नत प्रशिक्षुओं की प्रशिक्षण अवधि कम करने की मांग पर भी सकारात्मक सहमति बनी।बैठक में कार्यालयों के आधुनिकीकरण, सामुदायिक भवनों में एयर कंडीशनर व पंखे लगाने, अतिरिक्त स्टेनोग्राफर पद सृजित करने और क्वार्टर आवंटन व्यवस्था को ऑनलाइन करने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। प्रशासन ने कई प्रस्तावों पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिया।कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों में ओपन जिम और योग पार्क स्थापित करने की मांग भी उठाई गई। सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न बैठक के बाद कर्मचारियों में उम्मीद जगी है कि सभी घोषणाएं जल्द धरातल पर उतरेंगी।

## मामले की सुपरविजन के लिए नाला एसडीपीओ कुंडहित थाना पहुंचे



**कुंडहित (जामताड़ा)।** कुंडहित थाना कांड संख्या 03 जून 2026 के मामले को सुपरविजन के लिए नाला एसडीपीओ किशोर तिर्की कुंडहित थाना पहुंचे। एसडीपीओ किशोर तिर्की पहले कुंडहित थाना पहुंचकर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार तथा मामले की आईओ श्रीराम पंडित से मामले की विस्तार जानकारी प्राप्त किया। मामले में घटना की वास्तविक स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त किया। जानकारी प्राप्त करने के बाद बादी शकुंतला हेम्बरम के साथ कुंडहित प्रखंड सभागार पहुंचे। बताया जाता की कुंडहित बाल विकास परियोजना कार्यालय के पूर्व महिला पर्यवेक्षिका शकुंतला हेम्बरम अंबा गांव निवासी कृष्णा भंडारी को कुंडहित प्रखंड सभागार में बुलाकर कुछ सोने की अलंकार देकर पैसे लेन देन किया गया था। उसी मामले को लेकर बादी शकुंतला हेम्बरम के साथ प्रखंड सभागार,अंबा गांव आदि ।

## जामताड़ा में स्वास्थ्य सेवाओं और पल्स पोलियो अभियान पर प्रशासन सख्त

संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** जामताड़ा समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान तथा जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, टीकाकरण, कुपोषण उन्मूलन और आगामी पोलियो अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 28 से 30 जून तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान के दौरान जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1,28,055 बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पहले दिन बूथों पर अधिकतम बच्चों को कवर करने, व्यापक प्रचार-प्रसार, वैक्सीन की सुरक्षित आपूर्ति और प्रभावी मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया। जिले में इस अभियान के लिए 906 बूथ बनाए गए हैं।स्वास्थ्य समिति की बैठक में उपायुक्त ने सीएचसी, पीएचसी, स्वास्थ्य उपकेंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के संचालन की समीक्षा करते हुए लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। सदर अस्पताल में थैलेसीमिया एवं हीमोफीलिया मरीजों के लिए डे-केयर सेंटर स्थापित करने पर भी चर्चा हुई। कुपोषण उपचार केंद्रों में खाली बेड पर चिंता जताते हुए उन्होंने गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पहचान कर भर्ती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में सिविल सर्जन डॉ. शिव प्रसाद मिश्रा, डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि डॉ. दीपक, अस्पताल उपाधीक्षक, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीएचओ, डीपीएम तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत अध्यक्ष की 16 जून को होगी अयोग्यता मामले की अंतिम सुनवाई

**जामताड़ा।** जामताड़ा नगर पंचायत की राजनीति में एक बार फिर सरगर्मी बढ़ गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष आशा गुप्ता की सदस्यता और अयोग्यता से जुड़े मामले में झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग ने अंतिम सुनवाई की तिथि तय कर दी है। विभाग के अपर सचिव-सह-जांच पदाधिकारी जुल्फिकार अली द्वारा जारी पत्रांक 1983 के तहत संबंधित पक्षों को नोटिस भेजा गया है।आधिकारिक पत्र के अनुसार, झारखंड नगरपालिका निर्वाचित प्रतिनिधि (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 2020 के तहत दर्ज इस मामले की अंतिम सुनवाई 16 जून 2026 को दोपहर 12¬45 बजे रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में होगी। सुनवाई के दौरान अध्यक्ष आशा गुप्ता और शिकायतकर्ता वीरेंद्र मंडल को अपने-अपने पक्ष में अंतिम साक्ष्य और दलीलें प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा।विभाग ने जामताड़ा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडेत को भी आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। साथ ही नोटिस की तामिला सुनिश्चित करने को कहा गया है।राजनीतिक हलकों में इस सुनवाई को बेहद अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि जांच रिपोर्ट और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर विभाग महत्वपूर्ण निर्णय ले सकता है। हालांकि मामले में अंतिम स्थिति विभागीय आदेश जारी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## आवास सूची पर लाभुक चयन में गड़बड़ी के आरोप पर ग्रामीणों ने घेरा पंचायत



संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** जामताड़ा सदर प्रखंड की सुखजोड़ा पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण पंचायत सचिवालय पहुंचे और कथित अनियमितताओं के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए पंचायत कार्यालय का घेराव किया।ग्रामीणों का आरोप है कि आवास योजनाओं की सूची तैयार करने में पारदर्शिता नहीं बरती गई। उनका कहना है कि कई वास्तविक गरीब और कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों के नाम सूची से बाहर कर दिए गए, जबकि पहले से पक्के एवं बहुमंजिला मकानों में रहने वाले लोगों को योजना का लाभ मिल गया। प्रदर्शन के दौरान पंचायत सचिव और मुखिया की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए।ग्रामीण मनोज कुमार मंडल ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि पात्र परिवारों के साथ अन्याय हुआ है। वहीं सुदीप हेंब्रम ने आरोप लगाया कि लाभ दिलाने के नाम पर पैसे लेने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

## महागामा के दो मासूम बिजली तार की चपेट में आए, हालत गंभीर

**महागामा संवाददाता।** नगर के बसुआ चौक स्थित पार्क में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। पार्क में खेल रहे दो मासूम बच्चे कथित रूप से 11 हजार वोल्ट बिजली तार की चपेट में आ गए, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पार्क परिसर में अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भारी भीड़ जुट गई।घायलों में प्रिंस कुमार (5 वर्ष), पिता- गुंजन कुमार ठाकुर तथा सूरज कुमार (5 वर्ष), पिता- यश कुमार शामिल हैं। बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे अन्य बच्चों के साथ पार्क में खेल रहे थे। इसी दौरान वे बिजली तार के संपर्क में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए।

## भगैया से लापता बालक बिहार के बिहपुर से सकुशल बरामद



**मेहरमा।** प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत भगैया गांव से लापता हुए 10 वर्षीय बालक को पुलिस ने सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। बालक के मिल जाने से परिवार और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। नीरज कुमार यादव, उम्र 10 वर्ष, पिता पांडव यादव, मूल निवासी ग्राम खिरारही, थाना परबत्ता डुमरिया, जिला खगड़िया (बिहार) तथा वर्तमान में अपने नाना-नानी के घर ग्राम भगैया, थाना मेहरमा में रह रहा था। बीते 7 जून 2026 को सुबह करीब 11 बजे बकरी चराने और खेलने के दौरान वह अचानक लापता हो गया था। बालक के गुम होने की सूचना मिलने के बाद मेहरमा थाना पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी।

## मोदी सरकार के 12 साल और डिजिटल बुनियादी ढांचे का विकास

बिजली ग्रिड, बंदरगाह और राजमार्ग अब बुनियादी ढांचे के एकमात्र घटक नहीं रह गए हैं। यह डिजिटल हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा मूलभूत डिजिटल प्रणालियों का एक संग्रह है जो समकालीन समाजों की नींव के रूप में कार्य करता है। इन प्लेटफार्मों के माध्यम से व्यक्तियों, कंपनियों और सरकारों के बीच सुरक्षित और आसान संचार संभव हो जाता है। डिजिटल बुनियादी ढांचा सुरक्षित डेटा ट्रांसमिशन, शीघ्र डिजिटल भुगतान, पहचान सत्यापन और बैंक खाता खोलने की सुविधा प्रदान करके दैनिक जीवन को प्रभावित करता है। समकालीन अर्थव्यवस्था में, डिजिटल बुनियादी ढांचा अब यह नियंत्रित करता है कि सेवाओं, बाजारों और अधिकारों तक किसकी पहुंच है, ठीक उसी तरह जैसे पहले रेलमार्ग क्षेत्रों को अवसरों से जोड़ते थे।भारत का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा रातोंरात नहीं बना। मोदी प्रशासन ने प्रौद्योगिकी के प्रति मानव-केंद्रित दृष्टिकोण का समर्थन करने और ÷सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, वित्तीय समावेशन और प्रौद्योगिकी-सक्षम विकास÷ सहित संबंधित विषयों में अधिक ज्ञान साझाकरण को प्रोत्साहित करने का दावा किया। पहचान, बैंकिंग और संपर्क को जानबूझकर एक साथ लाया गया ताकि इसकी नींव रखी जा सके। इसी तालमेल के परिणामस्वरूप डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (जेएएम) का उदय हुआ। जनधन बैंक खातों, आधार नामांकन और मोबाइल फोन के व्यापक उपयोग ने भारत के डिजिटल परिवर्तन की नींव रखी। जब इन्हें एकीकृत किया गया, तो इन्होंने लोगों और राज्य के बीच सीधा और सत्यापित संबंध स्थापित किया। कल्याणकारी योजनाओं का भुगतान सीधे जेएएम के माध्यम से बैंक खातों में आने लगा। बिचौलियों की संख्या कम हो गई। देरी कम हुई। धन की बर्बादी कम हुई। इस एकीकरण के दायरे ने व्यापक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) पारिस्थितिकी तंत्र के विकास की नींव रखी। जनसंख्या-स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना क्या हासिल कर सकती है, इसका एक व्यावहारिक उदाहरण भारत के अनुभव से मिलता है। बहुत कम खर्च में, भारत ने 1.4 अरब से अधिक लोगों के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का निर्माण किया है। यह एक ऐसा नेटवर्क है जो खुला, सुलभ है और विभिन्न प्रकार के ऐप्स द्वारा समर्थित है जो अर्थव्यवस्था को अद्यतन करते हैं, शासन कार्य में बदलाव लाते हैं और लोगों के जीवन को बेहतर बनाते हैं।भारत में डीपीआई पारिस्थितिकी तंत्र विश्वास, नवाचार और समावेशिता के सिद्धांतों पर संचालित होता है। भारत ने दिखाया है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म जनसंख्या के आकार के हिसाब से विकास को गति दे सकते हैं और लोकतंत्र को मजबूत कर सकते हैं, जिसके परिणाम मात्रात्मक रूप से देखे जा सकते हैं। जी20 डिजिटल अर्थव्यवस्था कार्य समूह, आर्थिक परिवर्तन, वित्तीय समावेशन और विकास के लिए डीपीआई पर गठित नए उच्च-स्तरीय कार्य बल और कई जी20 सहभागिता समूहों की सहायता से, भारत, 2023 में जी20 के नेता के रूप में, वैश्विक उत्तर और दक्षिण के देशों के बीच डीपीआई के बारे में असाधारण स्तर की जागरूकता बढ़ाने में सक्षम रहा है। डीपीआई मॉडल को वर्तमान में विकास के विभिन्न चरणों में स्थित देशों द्वारा खोजा, अपनाया या संशोधित किया जा रहा है और यह वैश्विक स्तर पर भारत की एक प्रमुख पेशकश के रूप में उभरा है।

# ब्रिक्स और कृषि व्यापार की नई दिशा

**एम.एल. जाट एवं स्मिता सिरोही**

भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता ऐसे समय कर रहा है जब कृषि व्यापार की चर्चा केवल शुल्क और बाजार पहुंच तक सीमित नहीं रह गई है। जलवायु संकट, खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव, उर्वरकों की आपूर्ति में रुकावट, सतत उत्पादन से जुड़े मानक, उत्पाद के स्रोत और गुणवत्ता की डिजिटल जानकारी तथा संकट के समय बाजारों को खुला रखने की जरूरत अब कृषि व्यापार के अहम मुद्दे बन चुके हैं।

कृषि क्यों महत्वपूर्ण है

ब्रिक्स के विस्तार के बाद यह समूह अब दुनिया की लगभग आधी आबादी, वैश्विक जीडीपी के करीब 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के लगभग एक चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। संयुक्त राष्ट्र की व्यापार एवं विकास संस्था, अंकटाड, के हालिया आकलन के अनुसार, ब्रिक्स देशों के बीच वस्तुओं का व्यापार 2003 के बाद तेरह गुना से अधिक बढ़ा है और 2024 में 1.17 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। कृषि इस बड़े व्यापारिक परिदृश्य का केवल एक हिस्सा हो सकती है, लेकिन राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से यह सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में है। जब खाद्य पदार्थ महंगे होते हैं, उर्वरकों की आपूर्ति रुकती है या समुद्री मार्गों में अनिश्चितता आती है, तो इसका सीधा असर किसानों, उपभोक्ताओं और सरकारों पर पड़ता है। इसलिए कृषि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है।

ब्रिक्स देशों के बीच कृषि के क्षेत्र में कई तरह की पूरकताएं हैं। ब्राजील सोयाबीन, मांस और चीनी का बड़ा निर्यातक है। रूस अनाज और उर्वरकों में महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। भारत चावल, समुद्री उत्पाद, मसाले, भैंस के मांस और छोटे किसानों से जुड़ी कई कृषि वस्तुओं में मजबूत स्थिति रखता है। चीन खाद्य पदार्थों का बड़ा आयातक और प्रसंस्करण करने वाला देश है। दक्षिण अफ्रीका इस समूह को अफ्रीका के महत्वपूर्ण कृषि-खाद्य बाजारों से जोड़ता है। नए सदस्य भी इसमें नए आयाम जोड़ते हैं। संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब लॉजिस्टिक्स, वित्त और खाद्य सुरक्षा निवेश के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। मिस्र और इथियोपिया अफ्रीका की खाद्य प्रणाली से जुड़ी चिंताओं को सामने लाते हैं, जबकि इंडोनेशिया पाम ऑयल, मत्स्य क्षेत्र और उष्णकटिबंधीय कृषि की ताकत जोड़ता है। आपसी ताकतों को ठोस व्यवस्था में बदलना लेकिन केवल बड़े पैमाने और आपसी ताकतों के मेल से अपने-आप मजबूत व्यापार व्यवस्था नहीं बनती। आगामी ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक भारत को यह अवसर देती है कि वह सहयोग को कुछ ठोस दिशाओं में आगे बढ़ाए। इनमें भरोसेमंद व्यापार व्यवस्था, बीज, उर्वरक और अन्य उत्पादन सामग्री की मजबूत आपूर्ति श्रृंखला, बेहतर बाजार जानकारी और ऐसी मूल्य श्रृंखलाएं शामिल हैं जिनमें छोटे किसानों, महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी हो।

भरोसेमंद व्यापार व्यवस्था को शुरुआती प्राथमिकता मिलनी चाहिए। कृषि व्यापार में केवल माल भेजना पर्याप्त नहीं है; यह भी उतना ही जरूरी है कि उत्पाद की गुणवत्ता, सुरक्षा और स्रोत पर भरोसा हो। कृषि व्यापार सुविधा पर 2024 के ब्रिक्स सिद्धांत पहले ही खाद्य सुरक्षा, पशु-पौध स्वास्थ्य और



तकनीकी मानकों से जुड़े सहयोग, एक-दूसरे के मानकों को स्वीकार करने की व्यवस्था, कम व्यापार लागत और डिजिटल व्यापार सुविधा जैसे बुनियादी मुद्दों को मान्यता देते हैं। भारत इस एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए डिजिटल प्रमाणपत्रों, उत्पाद के स्रोत और गुणवत्ता की भरोसेमंद डिजिटल जानकारी, नियामकों के बीच तेज संवाद और उत्पादकों व निर्यातकों की क्षमता निर्माण पर जोर दे सकता है।

दूसरी प्राथमिकता मजबूत आपूर्ति श्रृंखला होनी चाहिए। खाद्य व्यापार को उर्वरक, ऊर्जा, पशु आहार, बीज, ढुलाई-भंडारण और वित्त से अलग करके नहीं देखा जा सकता। भारत के लिए यह कोई दूर की चिंता नहीं है। उसके उर्वरक और ऊर्जा आयात का आधे से अधिक हिस्सा ब्रिक्स देशों से आता है। इसलिए उत्पादन सामग्री की सुरक्षा सीधे कृषि की मजबूती से जुड़ी हुई है। पश्चिम एशिया के हालिया संकटों ने दिखाया है कि खाद्य पदार्थों के बाजार तक पहुंचने से बहुत पहले ही उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इसलिए ब्रिक्स सहयोग में उर्वरकों और अन्य उत्पादन सामग्री के बाजारों के लिए पूर्व चेतावनी प्रणाली, भंडार और कीमतों पर पारदर्शी जानकारी, और जरूरी कृषि सामग्री की आपूर्ति में अचानक आने वाली रुकावटों को कम करने की व्यवस्था शामिल होनी चाहिए।

तीसरी प्राथमिकता बेहतर बाजार जानकारी है।

ब्रिक्स अनाज विनिमय का विचार इस बात की जरूरत को दिखाता है कि खाद्य बाजारों में अधिक पारदर्शिता, बेहतर मूल्य संकेत और खाद्य सुरक्षा की तैयारी होनी चाहिए। भारत इस दिशा में ब्रिक्स कृषि अनुसंधान मंच के भीतर कृषि बाजार जानकारी से जुड़ी एक व्यवस्था का प्रस्ताव रख सकता है। यह मंच पहले से ही ÷ज्ञान से कार्य की दिशा में विकसित किया जा रहा है। ऐसी व्यवस्था खाद्य भंडार, फसल की स्थिति, उर्वरक कीमतों, जहाजरानी जोखिमों, खाद्य सुरक्षा और पशु-पौध स्वास्थ्य से जुड़े अलर्ट तथा प्रमुख कृषि जिंसों के रुझानों पर नियमित जानकारी दे सकती है। इससे देश संकट गहराने से पहले ही तैयारी कर सकेंगे।

व्यापार को किसान-केन्द्रित बनाना

चौथी प्राथमिकता ऐसी मूल्य श्रृंखलाएं होनी चाहिए जिनमें छोटे किसानों, महिलाओं और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो। यदि कृषि व्यापार केवल बड़ी मात्रा में अनाज, तेल,

चीनी या अन्य जिंसों की खरीद-बिक्री तक सीमित रह गया, तो उससे छोटे किसानों और ग्रामीण परिवारों को सीमित लाभ ही मिलेगा। कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की भूमिका पर वैश्विक सम्मेलन 2026 से निकली दिल्ली घोषणा ने कृषि-खाद्य व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका, नेतृत्व और भागीदारी को केंद्र में रखा है। भारत इस भावना को ब्रिक्स के कृषि व्यापार एजेंडे में आगे बढ़ा सकता है, ताकि छोटे किसानों, विशेषकर महिला किसानों और ग्रामीण युवाओं को केवल बाजार के लिए उत्पादन करने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें मूल्य श्रृंखलाओं में अधिक प्रभावी भागीदारी का अवसर मिले।

इन प्राथमिकताओं का उद्देश्य खाद्य पदार्थों से जुड़े किसी बंद गुट का निर्माण करना नहीं है। इनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृषि व्यापार एक अनिश्चित दुनिया में खाद्य सुरक्षा, किसानों और उपभोक्ताओं के लिए बेहतर ढंग से काम करे। भारत इस एजेंडा को आकार देने की दृष्टि से सही स्थिति में है क्योंकि उसे खाद्य सुरक्षा के प्रबंधन, छोटे किसानों पर आधारित कृषि, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और कृषि अनुसंधान का खासा अनुभव है।

भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता इस एजेंडे को व्यावहारिक रूप देने का समय पर मिला अवसर है। छोटे लेकिन सुविचारित कदम भी संकट के समय कृषि व्यापार को अधिक भरोसेमंद,

नियमों की दृष्टि से अधिक पारदर्शी और किसानों के लिए अधिक सुलभ बना सकते हैं। यह अधिक मजबूत, भरोसेमंद और किसान-केंद्रित कृषि व्यापार व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

(आईसीएआर के महानिदेशक तथा डीएआरई के सचिव हैं)

**(आईसीएआर के एम.एस. स्वामीनाथन चेयर की राष्ट्रीय प्रोफेसर और डीएएफ एंड डब्ल्यू की पूर्व संयुक्त सचिव (जी20/ब्रिक्स) हैं)**

## पाकुड़ की खबरें

## मालीपाड़ा ढलान फिर बना जानलेवा, बाराती बस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर चार

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के सिंगारसी-अमड़ापाड़ा मुख्य मार्ग स्थित मालीपाड़ा ढलान पर बीते मंगलवार को बारात से लौट रही एक बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है, जबकि तीन दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। कई घायलों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है, जिनमें कुछ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार बस संख्या डब्लू-11क्क3541 महेशपुर थाना क्षेत्र के परियारदाहा गांव से बारात लेकर गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के कदमपहाड़पुर गांव गई थी। विवाह समारोह के बाद लौटने के दौरान मंगलवार देर रात करीब एक बजे मालीपाड़ा ढलान के समीप तीखे मोड़ पर बस अनियंत्रित होकर पलट गई।हादसे में परियारदाहा गांव निवासी ओलेन मुर्मू (64) और राजेश टुडू (16) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। वहीं गंभीर रूप से घायल हेमलता हेंब्रम (18) की बेहतर इलाज के लिए दुमका ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। बाद में इलाज के दौरान बस चालक पश्चिम बंगाल के जियागंज निवासी मुमताज शेख (43) ने भी दम तोड़ दिया। इसके साथ ही मृतकों की संख्या चार हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अनुसार बस में निर्धारित क्षमता से अधिक बाराती सवार थे। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना के पीछे चालक का इस मार्ग से अपरिचित होना, तीखा मोड़, खतरनाक ढलान, तेज रफ्तार चालक का नशे में होना लापरवाही जैसे कारण सामने आ रहे हैं। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।मामले में मृतक ओलेन मुर्मू के पुत्र बबलू मुर्मू के बयान पर अमड़ापाड़ा थाना में कांड संख्या 42/26 दर्ज किया गया है। दुर्घटनाग्रस्त बस को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।दुर्घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्य के दौरान स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था की कमजोरियां भी सामने आईं। बड़ी संख्या में घायलों के अस्पताल पहुंचने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर करने में परेशानी हुई। बताया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मौजूद सरकारी एम्बुलेंस खराब पड़ी थी, जिसके कारण गंभीर घायलों को निजी वाहनों और अन्य उपलब्ध एम्बुलेंसों की मदद से दुमका एवं अन्य अस्पतालों तक पहुंचाया गया।चार लोगों की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## अविश्वास प्रस्ताव के बाद गनी मोमिन को मिली प्रमुख की जिम्मेदारी

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। हिरणपुर प्रखंड पंचायत समिति में हुए राजनीतिक घटनाक्रम के बाद उप प्रमुख गनी मोमिन को प्रमुख के अधिकार और दायित्व सौंप दिए गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)-सह-उपायुक्त मेघा भरद्वाज द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रमुख पद पर नए निर्वाचन होने तक गनी मोमिन ही प्रमुख के अधिकारों का प्रयोग करेंगे तथा पंचायत समिति के प्रशासनिक कार्यों का संचालन करेंगे।जानकारी के अनुसार, तत्कालीन प्रमुख रानी सोरेन के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद प्रमुख का पद रिक्त हो गया था। इसके बाद झारखंड पंचायत राज अधिनियम एवं संबंधित नियमावली के प्रावधानों के तहत अंतरिम व्यवस्था करते हुए उप प्रमुख गनी मोमिन को प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है।आदेश के तहत गनी मोमिन प्रमुख पद पर नए निर्वाचन होने तक सभी प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे और पंचायत समिति के विकास कार्यों की निगरानी करेंगे। उनके नेतृत्व में अब हिरणपुर पंचायत समिति के विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी रहेगी।वहीं, प्रमुख पद के लिए नए चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पंचायत समिति को स्थायी प्रमुख मिलेगा। प्रशासन की ओर से निर्धारित प्रक्रिया के तहत जल्द ही नए प्रमुख के निर्वाचन की कार्रवाई की जाएगी।

## साक्ष्य के अभाव में सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश अग्रवाल बरी, एडीजे-1 अदालत ने सुनाया फैसला

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। एडीजे-1 की अदालत ने एसटी/एससी केस संख्या 9/23 में गुरुवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश अग्रवाल को सभी आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने मामले की विस्तृत सुनवाई और उपलब्ध साक्ष्यों के परीक्षण के बाद यह निर्णय दिया। जानकारी के अनुसार, तत्कालीन जिला पशुपालन पदाधिकारी कमलेश्वर कुमार भारती ने सुरेश अग्रवाल के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, रंगदारी मांगने तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए एसटी/एससी थाना में कांड संख्या 9/23 दर्ज कराया था।मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलों को विस्तार से सुना तथा रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्यों का गहन परीक्षण किया। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने पाया कि आरोपों के समर्थन में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। इसके आधार पर एडीजे-1 की अदालत ने सुरेश अग्रवाल को सभी आरोपों से मुक्त करते हुए बरी करने का आदेश दिया।मामले में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार यादव ने पैरवी की। अदालत का फैसला आने के बाद सुरेश अग्रवाल और उनके समर्थकों में खुशी का माहौल देखा गया। वहीं, इस निर्णय को जिले में चर्चा का विषय माना जा रहा है।

# विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पौष्टिक मध्याह्न भोजन सुनिश्चित करें : डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। जिले के विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन योजना के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने की।बैठक में शिक्षा विभाग एवं मध्याह्न भोजन योजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रथम कक्षा के उन विद्यार्थियों की जानकारी ली जिनका आधार कार्ड अब तक नहीं बन पाया है और निर्देश दिया कि सभी बच्चों का आधार नामांकन प्राथमिकता के



आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।उपायुक्त ने कहा कि मध्याह्न भोजन प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की उपस्थिति का नियमित सत्यापन कर ई-विद्यावाहिनी एप पर अद्यतन किया जाए। रसोइयों के लंबित मानदेय भुगतान की भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में खाद्यान्न उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, बीपीओ, बीआरपी एवं सीआरपी को नियमित विद्यालय निरीक्षण करने का निर्देश दिया। विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, स्वच्छता, हरित वातावरण, खेल मैदान, आईसीटी लैब के उपयोग, शिक्षण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष चर्चा की।उन्होंने विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रणनीति अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन शिक्षा एवं पोषण से जुड़ी सभी योजनाओं के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है।बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, एडीपीओ, एपीओ, बीईईओ, बीपीओ, बीआरपी एवं सीआरपी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को वैज्ञानिक खेती का दिया गया प्रशिक्षण

लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)गुरुवार को खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत प्रखंड के जोरडीहा पंचायत भवन में मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग को लेकर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों और किसान मित्रों ने भाग लिया।?कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कृषि विभाग के एटीएम रामेश्वर मुर्मू ने किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की सलाह दी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि खेत की उपजाऊ क्षमता को लंबे समय तक बनाए रखने और फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए %मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार ही खाद का उपयोग करना अनिवार्य है।?उन्होंने बताया, मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों के लिए उनके खेत की कुंडली जैसा है। यह मिट्टी में मौजूद प्रमुख पोषक तत्वों-जैसे नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश, सल्फर और जिंक आदि की सटीक स्थिति बताता है। इससे किसानों को यह स्पष्ट जानकारी मिलती है कि उनकी फसल को किस खाद की और कितनी मात्रा में आवश्यकता है।?साथ ही एटीएम रामेश्वर मुर्मू ने किसानों को बेहतर कृषि प्रबंधन के लिए सुझाव दिया कहा ?हर 2 से 3 साल में अपने खेतों की मिट्टी की जांच अवश्य करवाएं।?मृदा स्वास्थ्य कार्ड में दी गई अनुशंसाओं के आधार पर ही खाद डालें।?रासायनिक खादों पर निर्भरता कम करने के लिए गोबर की खाद, कम्पोस्ट और हरी खाद का अधिक से अधिक प्रयोग करें।इस अवसर पर मुख्य रूप से स्थानीय मुखिया जोसेफ मालतो, पंचायत सचिव दिवेश कुमार मिश्रा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य किसान और किसान मित्र उपस्थित थे।

## 53 माह से भरण-पोषण राशि नहीं देने वाला आरोपी गिरफ्तार

महेशपुर (पाकुड़)। महेशपुर थाना पुलिस ने पत्नी को भरण-पोषण (खरपोश) की राशि नहीं देने के मामले में फरार चल रहे एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के बड़कियारी गांव निवासी साहिल अंसारी उर्फ शाहिन के रूप में हुई है।आरोपी के खिलाफ वर्ष 2021 में पत्नी को न्यायालय के आदेशानुसार भरण-पोषण राशि नहीं देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था।जानकारी के मुताबिक आरोपी पिछले 53 माह से पत्नी को भरण-पोषण की राशि नहीं दे रहा था। इस अवधि में उसके ऊपर कुल 2 लाख 24 हजार रुपये बकाया हो गए थे। लंबे समय से उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे।थाना के अनुसंधानकर्ता रविंद्र कुमार को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने घर पर मौजूद है। सूचना के आधार पर बुधवार रात छापेमारी कर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।गुरुवार को आरोपी का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में पाकुड़ मंडल कारा भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर झामुमो ने चलाया जागरूकता अभियान

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पाकुड़ प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदाताओं को जागरूक किया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख ने बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ और बीएलए के साथ बैठक की तथा पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाए।उन्होंने बताया कि बीएलओ और झामुमो कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे, ताकि सभी पात्र नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। मौके पर जिला संयुक्त सचिव जोहर आलम, केंद्रीय समिति सदस्य मिथिलेश घोष, प्रखंड उपाध्यक्ष अजफरुल शेख समेत कई कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

## राजद कार्यकर्ताओं ने मनाया लालू यादव का जन्मदिन



संताल एक्सप्रेस पाकुड़। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से गुरुवार को मारवाड़ी धर्मशाला, पाकुड़ में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।कार्यक्रम का नेतृत्व राजद जिलाध्यक्ष महावीर मढ़या ने किया, जबकि मंच संचालन वरिष्ठ नेता सह जिला सचिव रंजीत कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों, आदिवासियों, कमजोर वर्गों, आदिम जनजातियों तथा शोषित-पीड़ित समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने सामाजिक न्याय और समानता की राजनीति को नई पहचान दी। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री तथा केंद्र सरकार में रेल मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अपने विशिष्ट राजनीतिक अंदाज और सामाजिक न्याय की विचारधारा के कारण वे देशभर में लोकप्रिय हैं। वक्ताओं ने बताया कि लालू प्रसाद यादव का जन्म 11 जून 1948 को बिहार के फुलवरिया में हुआ था। उनके नेतृत्व और राजनीतिक योगदान को याद करते हुए कार्यकर्ताओं ने उनके उज्वल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष लाल मरांडी, सैमुअल मड़िया, अजीत सिंह, युवा जिला अध्यक्ष अमन सिंह, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष मनोज मदैया, आमड़ापाड़ा प्रखंड अध्यक्ष विनोद ठाकुर, राघवेंद्र प्रताप, बाबू पांडे, जिला सचिव हजरत शेख सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रजिस्ट्रार नहीं, रजिस्ट्री बंदः एक सप्ताह से ठप पड़ा पाकुड़ निबंधन कार्यालय, सरकार को राजस्व का नुकसान



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़। जिले में निबंधन पदाधिकारी की नियुक्ति नहीं होने के कारण पिछले लगभग एक सप्ताह से जमीन और विवाह पंजीकरण का कार्य पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। इससे जहां राज्य सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं जमीन रजिस्ट्री कराने और विवाह पंजीकरण के लिए आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रभारी निबंधन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक के प्रोन्नति के बाद रांची स्थानांतरण हो जाने से यह पद रिक्त हो गया है। उनके स्थान पर अब तक किसी अधिकारी की प्रतिनियुक्ति नहीं की गई है, जिसके कारण निबंधन कार्यालय का कामकाज प्रभावित हो गया है।बताया जाता है कि कार्यालय में प्रतिदिन औसतन 10 से अधिक जमीन पंजीकरण के मामले निष्पादित होते थे, जिससे सरकार को लाखों रुपये का राजस्व प्राप्त होता था। लेकिन अधिकारी के अभाव में सभी प्रकार के पंजीकरण कार्य बंद पड़े हैं। इसका असर केवल जमीन रजिस्ट्री तक सीमित नहीं है, बल्कि विवाह पंजीकरण जैसी आवश्यक सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं।जिले के पाकुड़ शहरी क्षेत्र के अलावा महेशपुर, पाकुड़िया, लिट्टीपाड़ा, अमड़ापाड़ा और हिरणपुर प्रखंडों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग निबंधन कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन अधिकारी नहीं होने के कारण उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जरूरी भूमि सौदों और अन्य कार्यों में देरी होने से उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। निबंधन कार्य ठप होने का असर इससे जुड़े व्यवसायों पर भी पड़ा है। डीड राइटर, टाइपिंग सेंटर और जेरॉक्स दुकानदारों का कहना है कि कार्यालय में कामकाज बंद रहने से उनकी आय प्रभावित हो रही है और रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि निबंधन पदाधिकारी के रिक्त पद की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है और जल्द ही किसी अधिकारी की प्रतिनियुक्ति किए जाने की संभावना है। वहीं, मामले की जानकारी मिलने पर डीसी मेघा भरद्वाज ने गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है।स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जनहित को देखते हुए निबंधन कार्यालय में तत्काल प्रभारी पदाधिकारी की नियुक्ति की जाए, ताकि रुके हुए पंजीकरण कार्य दोबारा शुरू हो सकें और आम जनता को राहत मिल सके।

## भाजपा की संगठनात्मक बैठक में मतदाता सूची शुद्धीकरण पर दिया जोर



संताल एक्सप्रेस संवाददाता।

पाकुड़। भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक गुरुवार को जिलाध्यक्ष सरिता मुर्मू की अध्यक्षता में अपर्णा मार्केट स्थित सभागार में दो सत्रों में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, एसआईआर कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।मुख्य वक्ता के रूप में राजमहल के पूर्व विधायक एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री अनंत कुमार ओझा उपस्थित रहे।पाकुड़ प्रखंड के छह मंडलों के बीएलए-2 कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई।अपने संबोधन में अनंत कुमार ओझा ने बीएलए-2 कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों की जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के शुद्धीकरण के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें बीएलए-2 की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक का दूसरा सत्र अपराह्न 3 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पाकुड़ जिले के प्रभारी निवास मंडल ने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रूपेश भगत ने किया, जबकि जिला महामंत्री साधन ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।बैठक में पूर्व प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक तिवारी, जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय, मोहन चौबे, जिला मंत्री लक्ष्मी तुरी, एसटी मोर्चा की अनिता मुर्मू, साहेब हांसदा, युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष दीपक साह, मंडल अध्यक्ष सुशांत घोष, सुरेश मंडल, कर्ण मंडल, त्रिलोचन दास, बापन सरकार, मोजेश टुडू, प्राची चौधरी, निधि गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बकरी चोर के संदेह में दो युवकों को ग्रामीणों ने जमकर कर धुना

महेशपुर (पाकुड़ )महेशपुर थाना क्षेत्र के राघोपाड़ा गांव से गुरुवार को बकरी खस्सी चोरी के संदेह में ग्रामीणों ने दो युवकों को पकड़ लिया। पकड़ने के बाद दोनों की पहले जमकर धुनाई कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही महेशपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ के बाद दोनों युवकों को पकड़कर थाने लेकर आई। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पिछले कई दिनों से लगातार बकरी, बकरा, गाय और बैलों की चोरी होने से ग्रामीण काफी परेशान और सतर्क थे। इसी बीच, गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे दो संदिग्ध युवक राघोपाड़ा गांव से एक खस्सी लेकर तेजी से भाग रहे थे। जैसे ही वे बगल के गांव माधोपाड़ा पहुंचा वहां मौजूद दो स्थानीय युवकों को उन पर शक हुआ। युवकों ने दोनों को रोककर पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ के दौरान दोनों ने ग्रामीणों को गुमराह करने की कोशिश की और दावा किया कि वे इस खस्सी को हिरणपुर हटिया से खरीदकर ला रहे हैं। इसी बीच वहां मौजूद एक अन्य ग्रामीण युवक ने खस्सी को पहचान लिया और तुरंत उसके असली मालिक को फोन कर मौके पर बुला लिया। ?खस्सी के मालिक मौके पर पहुंचकर स्पष्ट किया कि यह खस्सी उन्हीं की है, जिसे कुछ ही देर पहले उनके घर के पास से चुराया गया था। मालिक द्वारा पहचान करते ही वहां भारी संख्या में ग्रामीण जुट गए और हंगामा शुरू हो गया। इसी दौरान दोनों भागने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित भीड़ ने दोनों को दबोच लिया और उनकी जमकर धुनाई कर दी। इस संबंध में थाना प्रभारी रवि शर्मा ने बताया कि पुलिस दो युवकों को थाना लेकर आई है। दोनों से पूछताछ की जा रही है लिखित आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## महिला ने अपने पति सहित पांच पर प्रताड़ना का लगाया आरोप ,केस दर्ज

संताल एक्सप्रेस संवाददाता मंडरो- मंडरो प्रखंड क्षेत्र के मिर्जाचौकी नामनगर नयाटोला की रहने वाली महिला ने अपने पति एवं ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए मिर्जाचौकी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. इस संबंध में मिर्जाचौकी थाना कांड संख्या 55/26 दर्ज किया गया है. महिला वहीदा खातून ने आरोप लगाया कि उसे लगातार प्रताड़ित किया जाता था तथा मानसिक रूप से परेशान किया जाता रहा है. महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. प्राथमिकी में अफ्ताब अंसारी, गजमुद्दीन अंसारी, मलीका खातून, फिरोजा खातून एवं सफुदन खातून को नामजद आरोपी बनाया गया है. थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इधर पीड़िता ने न्याय दिलाने तथा आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग थाना पुलिस से की है.

## राजमहल की खाद दुकानों में संयुक्त प्रवर्तन दल की छापेमारी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** साहिबगंज - डीसी साहिबगंज के निर्देशानुसार उर्वरक दुकानों की जांच हेतु गठित संयुक्त प्रवर्तन दल ने गुरुवार को राजमहल प्रखंड स्थित तारा फर्टिलाइजर एवं विकास कृषि केन्द्र का औचक निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में उपलब्ध उर्वरकों के स्टॉक, दर सूची, स्टॉक पंजी, बिक्री पंजी, गोदाम तथा पीओएस मशीन के अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया. साथ ही गोदाम में उपलब्ध उर्वरकों का भौतिक सत्यापन भी किया.जांच टीम ने दुकानदारों को प्रतिदिन उर्वरकों की दर सूची एवं स्टॉक की अद्यतन स्थिति दुकान के बाहर प्रदर्शित करने का सख्त निर्देश दिया. साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि उर्वरकों की बिक्री केवल किसानों को ही की जाए.टीम द्वारा उर्वरकों की जमाखोरी, कालाबाजारी तथा गैर-कृषि कार्यों में उपयोग पर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा गया कि ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.दुकानदारों को सरकार द्वारा अधिकृत थोक विक्रेताओं से ही उर्वरक क्रय करने का निर्देश भी दिया गया.निरीक्षण के क्रम में दुकानों में उपलब्ध कीटनाशकों की भी जांच की गई. इस दौरान दवाओं की वैधता अवधि का सत्यापन किया गया तथा दुकानदारों को नाबालिग बच्चों एवं महिलाओं को किसी भी परिस्थिति में पेस्टीसाइड की बिक्री नहीं करने का सख्त निर्देश दिया गया.संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा उर्वरकों के नमूने भी संग्रहित किए गए. जिन्हें गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा.जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.निरीक्षण अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल, जिला कृषि पदाधिकारी साहिबगंज, अंचल अधिकारी राजमहल तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी, राजमहल शामिल थे.

## भाजपा का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



संताल एक्सप्रेस संवाददाता पतना- भारतीय जनता पार्टी की ओर से गुरुवार को पतना प्रखंड सभागार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के साथ-साथ निर्वाचन संबंधी कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करना था.प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड प्रभारी एवं प्रशिक्षकों ने कार्यकर्ताओं को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, त्रुटियों का सुधार करने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन रखने संबंधी विस्तृत जानकारी दी. साथ ही कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क स्थापित करने और उन्हें मतदान संबंधी अधिकारों एवं प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करने का भी निर्देश दिया गया.इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम यादव ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है. उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारी, निष्ठा और सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की. उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव की आधारशिला है.

## 24 को धूमधाम से मनाई जाएगा गायत्री जयंती

साहिबगंज - अखिल विश्व गायत्री परिवार के महिला मंडल की बैठक गुरुवार को गायत्री शक्तिपीठ में देवालय संचालन प्रभारी सरिता पोद्दार की अध्यक्षता में हुई.बैठक में बताया गया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में ही स्थानीय महिलाओं को योग का पाठ सिखाया जाएंगा.योग दिवस के कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए पांच महिला सदस्य द्वारा 14 जून से गायत्री शक्तिपीठ में ही सामूहिक अभ्यास कार्यक्रम चलाया जाएगा. महिला मंडल की प्रियंका सोनी ने बताई की शांतिकुंज हरिद्वार से प्राप्त निर्देश के आलोक में इस वर्ष आगामी 24 जून को गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है. इसके लिए क्षेत्र में संघन जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा.

**दक्षिण पूर्व रेलवे-ठिका़**

**ठिका़ खो़बो़र सं. डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-40 आर 41-2026,** भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खो़न आर उनी ला़गित्, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची होतेते लातार रे ओ़लाकान का़मीको ला़गित् ई-ठिका़ नेवतायेत् कानाः **क्रम सं., खो़बो़र सं. आर का़मी रेयाक् ञुतुम** नोडका लेका मेनाक्आः 1. **डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-40-2026,** रांची मंडल रे मुरी-चाण्डिल खंड रे आरयूबी बेनाव दाराय ते प्रहरीयुक्त एलसी नं. सीएम-17, सीएम-37 आर सीएम-40 ओ़चो़ग। **ठिका़ रेयाक् पूंजीः** रु. 40,57,85,335.58, **बायना पायसाः** रु. 81,15,700/-, 2. **डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-41-2026,** रांची मंडल रे मुरी-कोटशिला खंड रे आरयूबी बेनाव दाराय ते प्रहरीयुक्त एलसी नं. एमके-4, एमके-5 आर एमके-11 ओ़चो़ग। **ठिका़ रेयाक् पूंजीः** रु. 38,15,52,038.59, **बायना पायसाः** रु. 76,31,100/-, **ठिका़ रेयाक् मुचात् ता़रीक आर सो़मो़यः मा़हित** 30.06.2026 हिलोक् 15.00 बजे मिमित् बाखरा। ठिका़दार ऑनलाइन ठिका़ ला़गित् दो़ वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को ञेल दाड़ेयाक्आ।

**(PR-311)**

## जन जागरूकता रैली, व पौधा रोपण का आयोजन आज

साहिबगंज- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 से 12 जून 2026 तक विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इसका समापन 12 जून शुक्रवार को एक बड़ी जन जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण और पौधा रोपण कार्यक्रम के साथ होगा.नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह के द्वारा जारी पत्र के अनुसार माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार शहर के सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को स्रोत पर अपशिष्ट पृथक्करण यानी स्रोत पर कचरा अलग करना के संबंध में जन शिक्षा एवं जागरूकता के लिए लीड फैसिलिटेटर नामित किया गया है.

# एजेंसी निर्धारित समय-सीमा के अंदर काम पूरा करें : डीसी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** साहिबगंज - डीसी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक हुई.बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक की योजनाओं का वितीय एवं भौतिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई. मई 2026 तक की उपलब्धि के अनुसार जिले में स्वीकृत वित्तीय वर्ष 2023-24 की कुल 48 योजनाओं में से 47 योजनाएं भौतिक रूप से पूर्ण कर ली गई हैं. शेष एक योजना लंबित है. वर्ष 2024-25 के अंतर्गत स्वीकृत कुल 48 योजनाओं में से 43 योजनाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका है. जबकि 5 योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है. डीसी ने संबंधित कार्यकारी एजेंसियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी लंबित कार्यों को पूर्ण करने तथा भौतिक रूप से पूर्ण योजनाओं का अधियाचना शीघ्र समर्पित करने का निर्देश दिया.बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अनाबद्ध निधि से संचालित योजनाओं की भी समीक्षा के दौरान जिले में कुल 70 योजनाएं स्वीकृत एवं संचालित हैं. जिसमें 24 योजनाएं भौतिक रूप से पूर्ण है. शेष 46 योजनाओं का कार्य विभिन्न चरणों यथा एकरारनामा निष्पादन एवं कार्यान्वयन की प्रक्रिया जारी है. जिसे शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया.डीसी ने जिला योजना कार्यालय एवं संबंधित कार्यकारी एजेंसियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाएं तथा वित्तीय प्रावधानों के अनुरूप कार्यों में तेजी लायी जाएं .साथ ही वर्ष 2026-27 में कार्यान्वयन हेतु मूलभूत सुविधाओं एवं आधारभूत संरचनाओं से संबंधित योजनाओं के प्राक्कलन तैयार कराते हुए जिला योजना कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित करने एवं कार्यपालक अभियंताओं को शेष योजनाओं के त्वरित एवं गुणवतापूर्ण निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया.बैठक में जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल रामाकांत, कार्यालय अभियंता, एनआरईपी देवीलाल हांसदा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.

## गर्भवती महिलाएं और जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के छोटे बच्चों का किया गया टीकाकरण

मंडरो-मंडरो प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र महादेववरण 1 में गुरुवार को गर्भवती महिलाएं और जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के छोटे बच्चों का एएनएम सुभाषिनी सिन्हा के द्वारा टीकाकरण किया गया. वहीं टीकाकरण के दौरान जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के छोटे बच्चों को बीसीजी, पेंटा, टीटी एवं एमआर का टीका और गर्भवती महिलाओं को टीटी1और टीटी2 का टीका दिया गया। टीकाकरण के दौरान एएनएम सुभाषनी सिन्हा ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं को आयरन का टेबलेट खाने के लिये बताई और पौष्टिक आहार में हरी साग-सब्जी एवं खान-पान पर विशेष ध्यान देने के लिये बताई.साथ में गर्भवती महिलाओं को बताई की खाने में आयरन युक्त नमक का उपयोग अवश्य करें इससे माँ के गर्भ में पल रहे बच्चे का मानसिक विकास अच्छी तरह से होता है.

## साहिबगंज में राजद जिला कमिटी ने मनाया लालू यादव का जन्मदिन



साहिबगंज- राष्ट्रीय जनता दल जिला कमिटी साहिबगंज के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण यादव की अगुवाई में गुरुवार को शहर के मछुआ सोसाइटी परिसर में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सह रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव का 79 वां जन्मदिन राजद कार्यकर्ताओं ने केक काटकर लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन मनाया और उनके दीर्घायु होने की कामना की. मौके पर राजद जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव शुरू से ही पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, दलित,गरीब असहाय लोगों के लिए कई कार्य किए हैं. जहां उनके 79 वां जन्मदिन पर साहिबगंज राजद जिला कमिटी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर सादगी पूर्ण माहौल में जन्मदिन मनाया है. मौके पर राजद जिलाध्यक्ष सत्यनारायण यादव,प्रदेश सचिव मुन्ना यादव,जिला उपाध्यक्ष संजय प्रसाद यादव,दिलीप मंडल, राजद कार्यकर्ता ओमप्रकाश शर्मा, मौजूद थे.

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन फर्जीवाड़े की जांच तेज कार्रवाई शुरू होते ही प्रखंड कार्यालय में घटी भीड़

संताल एक्स्प्रेस बरहेट-बरहेट में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में कथित अनियमितता और फर्जीवाड़े के मामले में जांच एवं कानूनी कार्रवाई शुरू होने के बाद गुरुवार को बरहेट प्रखंड कार्यालय का माहौल अन्य दिनों की अपेक्षा काफी शांत नजर आया.आम दिनों में जहां विभिन्न कार्यों को लेकर लोगों की भीड़ लगी रहती थी. वहीं गुरुवार को कार्यालय परिसर में लोगों की उपस्थिति नगण्य रही.गौरतलब है कि प्रखंड क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बड़ी संख्या में ऐसे लोगों को लाभ दिए जाने का मामला सामने आया है. जिनकी उम्र निर्धारित पात्रता मानदंड से काफी कम बताई जा रही है.मामले के उजागर होने के बाद जिला प्रशासन की उच्चस्तरीय टीम ने जांच शुरू कर दी है. वहीं, बरहेट थाना में कांड संख्या 71/26 दर्ज कर पुलिस भी विभिन्न पहलुओं पर छानबीन कर रही है।

सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान पुलिस ने योजना से संबंधित एक दर्जन से अधिक दस्तावेजी बंडल जब्त किए हैं. इन बंडलों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की कई संचिकाएं शामिल हैं. इसके अलावा योजना संचालन से जुड़े कंप्यूटर सेट और अन्य महत्वपूर्ण अभिलेख भी जांच के लिए अपने कब्जे में लिए गए हैं.चर्चा है कि इस कथित फर्जीवाड़े में कुछ प्रखंड कर्मियों के अलावा कई बिचौलियों की भी भूमिका हो सकती है. पुलिस और प्रशासनिक टीम पूरे मामले की गहन जांच कर रही है तथा लाभुकों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है.जानकारी के अनुसार हिरणपुर और बोड़बांध पंचायतों में मुस्लिम परिवारों की संख्या नहीं होने के बावजूद उन पंचायतों से कई मुस्लिम लाभुकों के नाम पेंशन सूची में दर्ज पाए गए हैं. यह तथ्य भी जांच का महत्वपूर्ण बिंदु बना हुआ है.फिलहाल मामले की उच्चस्तरीय जांच जारी है. जांच पूरी होने के बाद ही अनियमितता की वास्तविक स्थिति और इसमें शामिल लोगों की भूमिका स्पष्ट हो सकेगी. हालांकि अब तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने मामले पर आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं दिया है.

## साहिबगंज में वृद्धजन सहायता एवं सुविधा केंद्र की स्थापना



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज द्वारा वृद्ध नागरिकों की सहायता एवं सुविधा के लिए वृद्धजन सहायता एवं सुविधा केंद्र की स्थापना की गई है.

नालसा की जागृति योजना-2025 के तहत स्थापित इन केंद्रों का उद्देश्य जिले के वृद्ध नागरिकों को त्वरित कानूनी सहायता उपलब्ध कराना, उन्हें सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना तथा उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है. इन केंद्रों का शुभारंभ साहिबगंज स्थित वृद्धा आश्रम एवं साहिबगंज प्रखंड कार्यालय में किया गया.जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि वृद्धजन सहायता एवं सुविधा केंद्र के माध्यम से वृद्ध नागरिकों को निःशुल्क विधिक सलाह, शिकायतों का समाधान, विवाद निवारण, आवश्यक दस्तावेजों में सहायता तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग प्रदान किया जाएगा.उन्होंने बताया कि केंद्र के प्रमुख कार्यों में वृद्ध नागरिकों के आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के संबंध में सहायता, संपत्ति संबंधी विवाद, दुर्व्यवहार एवं अन्य समस्याओं के समाधान हेतु विधिक सहयोग तथा विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है.श्री भगत ने कहा कि वृद्धा आश्रम में स्थापित केंद्र वहां निवास कर रहे बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से सहायक होगा. जबकि प्रखंड कार्यालय स्थित केंद्र से स्थानीय क्षेत्र के वृद्ध नागरिकों को आसानी से सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी.जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज की यह पहल वृद्धजनों के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

## संताल परगना क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 15 जून से , तैयार शुरू

साहिबगंज-संताल परगना क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 15 जून से साहिबगंज में होने जा रहा है. प्रतियोगिता 15 से 17 जून तक आयोजित होगी. जिसमें संताल परगना प्रमंडल के सभी छह जिलों के पुलिस विभाग के खिलाड़ी भाग लेंगे. प्रतियोगिता को लेकर पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं. पुलिस लाइन मैदान में एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए मैदान तैयार करने का कार्य जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर की सहायता से शुरू किया गया. आयोजन स्थल को अंतिम रूप देने के लिए पुलिस विभाग और खेलकूद से जुड़े अधिकारी युद्धस्तर पर जुटे हुए हैं.प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कुश्ती समेत कई खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा. पुलिस विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य पुलिस बल के जवानों में शारीरिक दक्षता, खेल भावना और आपसी समन्वय को बढ़ावा देना है।

## बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की तैयारी में जुटे झामुमो कार्यकर्ता, सम्मेलन आज

साहिबगंज -झामुमो द्वारा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को साहिबगंज टाउन हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. सम्मेलन को लेकर झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी.उन्होंने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से शुरू होने वाले इस सम्मेलन में पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद पांडे,केंद्रीय सचिव एवं प्रवक्ता पंकज मिश्रा,राजमहल विधायक एमटी राजा,बोरियो विधायक धनंजय सोरेन तथा लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे

## बीडीओ ने उच्च विद्यालय मंगलहाट का औचक निरीक्षण

राजमहल- राजमहल के प्रखंड विकास पदाधिकारी मो यूसुफ ने प्रखंड अंतर्गत प्लस 2 उच्च विद्यालय मंगलहाट का औचक निरीक्षण किया. विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में छात्र कि उपस्थित पंजी, शिक्षकों की उपस्थिति पंजी, बैठक पंजी, सहित अन्य दस्तावेज का अवलोकन किया. साथ ही पठन पाठन कर रहे है छात्रों के बीच जानकारी भी प्राप्त की.शिक्षकों को छात्र को अच्छे से पठन पाठन के साथ साथ अनुशासन की भी शिक्षा देने की बात कही.कम उपस्थिति को देख कर जब पूछ हुई तो शिक्षकों ने बताया कि ग्रीष्मावकाश के बाद पहला दिन है. जिससे थोड़ी उपस्थिति कम है. वहीं विद्यालय भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की भी जांच की , कार्य गुणवत्ता पूर्ण करने का निर्देश संबंधित एजेंसी को दिया गया. विद्यालय

## कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण उपचार केंद्र राजमहल में कराये भर्ती :बीडीओ

राजमहल-राजमहल के प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूसुफ की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रखंड टास्क फोर्स की बैठक हुई. बैठक में आगामी 28, 29 एवं 30 जून 2026 को होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया. साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त कार्यक्रम के तहत् अप्रतिरक्षित बच्चों को प्रतिरक्षित करवाना सुनिश्चित करें. इस कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कोताही की जाती है तो उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. तत्पश्चात स्वास्थ्य विभागीय समस्त कार्यक्रमों का बारी-बारी से समीक्षा करते हुए टीकाकरण कार्य पर जोर देने की बात कही गई. एवं कुपोषण के संबंध में बाल विकास परियोजना विभाग से आए महिला पर्यवेक्षिका को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया. एवं ज्यादा से ज्यादा कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण उपचार केंद्र राजमहल में भर्ती कराने का निर्देश दिया गया. मौके पर अनुमंडल अस्पताल राजमहल उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू, महिला बाल विकास परियोजना पर्यवेक्षिका मंजू यादव, बीटीटी चितरंजन ठाकुर,धीरन मंडल एवं अन्य उपस्थित थे.

## महेशपुर में झामुमो नेताओं ने किया विनोद कुमार पांडे का स्वागत

महेशपुर (पाकुड़)। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडे के पाकुड़ आगमन के दौरान महेशपुर स्थित अंबेडकर चौक पर प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वदूद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर और नारे लगाकर उनका अभिनंदन किया।इस अवसर पर विनोद कुमार पांडे ने अंबेडकर चौक स्थित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम, सांसद प्रतिनिधि कुणाल अल्फ्रेड हेंब्रम, अनारूद्दीन मियां, उमर फारूक, एनामुल हक, मैईनुद्दीन अंसारी, मिल्टन शेख, नसीम अहमद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पाकुड़ में बड़ा हादसा टला, आंगन में गिरा 11 हजार वोल्ट का तार



पाकुड़। शहरकोल मोहल्ले में गुरुवार को बिजली विभाग की लापरवाही के कारण बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पाकुड़-हिरणपुर मुख्य सड़क किनारे अचानक 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार टूटकर एक घर के आंगन में गिर गया। तार गिरने से पहले उसमें आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के समय आसपास कई लोग मौजूद थे। यदि समय रहते लोग वहां से नहीं हटते तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलने पर बिजली विभाग ने लाइन काटी, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि फॉल्ट ठीक किए बिना ही कुछ देर बाद दोबारा बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया।ग्रामीणों का कहना है कि 11 केवी लाइन के नीचे करीब 500 परिवार रहते हैं और वे लंबे समय से तारों पर सुरक्षा कवर लगाने या लाइन को दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।घटना के बाद लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं विभाग के अधिकारियों का कहना है कि संबंधित क्षेत्र में लाइन पहले से स्थापित थी और मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT ROAD DIVISION, DUMKA**

**CORRIGENDUM**

**TENDER REFERENCE No.- RCD/DUMKA/876**
**P.R. No. 381418 Road (26-27).D**

**NAME OF THE WORK-** Emergent Repairing and Traffic Restoration work (Ch 28.00 Km to 52.221 Km) of Dumka Hansdiha (SH-17) Road under Non Plan Head (Shrawani Mela 2026) for the year 2026-27.

**CORRIGENDUM DETAIL**

| | | |
|---|---|---|
| 4 | Date of publication of tender on website | 13.06.2026 at 10.30AM in place of 10.06.2026 at 10.30 A.M. |
| 5 | Last date/time for receipt of bids | 18.06.2026 Up to 12.00 Noon in place of 17.06.2026 Up to 12.00 Noon |
| 6 | Date of Opening of Tender | 19.06.2026 Up to 12.30 PM in place of 18.06.2026 Up to 12.30 PM |

Other terms and conditions shall remain unchanged.

Executive Engineer
Road Construction Department,
Road Division,
Dumka

PR.NO. 382099 Road(26-27):D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय:जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,देवघर**

फ्राई कैचिंग नेट हेतु (2026–27) अल्पकालीन आमत्रंण निविदा आमंत्रण
प्रेस विज्ञप्ति संख्या – 06/2026–27

एतद् द्वारा सरकार के उप सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, रांची के पत्रांक 601/मत्स्य/राँची, दिनांक 19.05.2026 के आलोक में सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 अंतर्गत देवघर जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादको को फ्राई कैचिंग नेट (जाल) की आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 20.06.2026 को अपराह्न 01:30 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा की नियम एवं शर्ते जिला मत्स्य कार्यालय, देवघर के सूचना पट्ट/www.deoghar.nic.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,देवघर

PR 382149 Deoghar(26-27).D

**झारखण्ड सरकार**
**जिला अभियंता का कार्यालय,जिला परिषद, देवघर**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2026-27

1. विज्ञापनदाता का नाम :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, देवघर।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक–17.06.2026 को अप० 2:00 बजे तक।
3. निविदा विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियन्ता कार्यालय, देवघर।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–18.06.2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, देवघर।
6. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– जिला परिषद कार्यालय, देवघर में 19.06.2026 को अप0 3:00 बजे।

कार्य की विवरणी : वित्तीय वर्ष 2026–27

| क्र० | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Block Level Stadium at Palojori under District Deoghar | 4030000.00 | 80600.00 | 5000.00 | 06 माह |

नोट :–(1) परिमाण विपत्र प्राप्त करने हेतु डिमाण्ड ड्राफ्ट उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, देवघर (D.D.C.-CUM-C.E.O, District Board, Deoghar) के पदनाम से देय होगा तथा विज्ञापन तिथि के बाद का स्वीकार्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट में संवेदक का नाम उल्लेखित होना अनिवार्य है। **प्रत्येक ग्रुप संख्या के परिमाण विपत्र क्रय के लिए अलग–अलग बैंक ड्राफ्ट देना अनिवार्य होगा।**

(2) निविदा की शर्तें जिला परिषद कार्यालय, देवघर के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

(3) झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता की कंडिका–163 (a) द्वारा कृत प्रावधान को अवक्रमित करते हुए 10% की न्यूनतम अधिसीमा को समाप्त किया जाता है। सम्प्रति 10% से नीचे की दर की निविदाएँ अनुमान्य होगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए **Additional Performance Security** के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से (i) 10 से 20 प्रतिशत **below** तक की राशि का 20% तथा (ii) 20% से अधिक **below** की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। यह झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के नियम 172 (a) के रूप में समाहित होगा। पूर्व के संहिता/नियम/परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेंगे।

उपरोक्त सभी झारखण्ड सरकार पथ निर्माण विभाग, राँची के संकल्प संख्या 2146 (S) दिनांक 09.09.2020 से आच्छादित होगा।

(4) जिला परिषद, देवघर के दिनांक 13.11.2021 की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार वैसे संवेदक जिनको जिला परिषद में कार्य आवंटित है तथा कार्य लम्बित है एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि समाप्त हो चुकी है वैसे संवेदकों को निविदा में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, देवघर

PR 382155 Deoghar(26-27).D

**SUPREME COURT OF INDIA**
**SAMADHAN SAMAROH, 2026**
**(Special Lok Adalat at Supreme Court of India)**

**NOTICE**

It is hereby notified that the last date for filling out the Google Form (for Litigants/AORs) for the submission of their cases under **SAMADHAN SAMAROH** has been extended **to 31st July, 2026**

**Google Form link**
https://forms.gle/pRWbif6wAPrcgMsZ8
email&speciallokadalat2026@sci.nic.in
Issued in public interest by the Hon'ble Supreme Court of India.

**By Order**

Secretary
District Legal Services Authority, Dumka

PR.NO.381881 Law(26-27):D

## फूलो झानो मेडिकल कॉलेज की बदहाली के लिए स्वास्थ्य मंत्री जिम्मेदार : शाही



ब्यूरो

**दुमका।** फूलो झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को देखकर राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार को अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे भानु प्रताप शाही ने वहां की बदहाली के लिए सीधे तौर पर सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को जिम्मेदार ठहराया और उन पर एक बेहद तीखा और विवादित बयान दे डाला। भानु प्रताप शाही ने कहा कि अभी बरसात नहीं हुई है, इसलिए नदी, तालाब और कुएं भले सूखे हों, लेकिन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को चापाकल के पानी में ही डूबकर मर जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उपराजधानी के इतने बड़े मेडिकल कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है और मरीजों को दर-दर भटकना पड़ रहा है।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने भावुक होते हुए कहा कि इस अस्पताल से उनका बेहद पुराना और गहरा रिश्ता रहा है। उनके ही कार्यकाल में इस मेडिकल कॉलेज को एनओसी मिली थी और उन्होंने खुद झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के साथ मिलकर इस संस्थान का शिलान्यास किया था। लंबे समय बाद जब वह यहां की प्रगति देखने पहुंचे, तो अस्पताल की यह दयनीय स्थिति देखकर दंग रह गए। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में पिछले कई महीनों से अल्ट्रासाउंड जैसी बेहद जरूरी सेवा भी ठप पड़ी है।

निरीक्षण के दौरान भानु प्रताप शाही ने न सिर्फ स्वास्थ्य मंत्री बल्कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दुमका के विधायक बसंत सोरेन को भी आड़े हाथों लिया। इसके साथ ही उन्होंने राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस में मचे घमासान पर भी चुटकी ली।

## 14 वर्षीय किशोरी को शादी की नीयत से भगाने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**हंसडीहा ।** हंसडीहा थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में किशोरी के पिता ने हंसडीहा थाना में आवेदन देकर नोनीहाट गांव निवासी दीपक कुमार पंडित पर उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर शादी की नीयत से भगा ले जाने का आरोप लगाया है।दर्ज आवेदन के अनुसार, 7 जून की रात उनकी 14 वर्षीय पुत्री अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों ने आसपास एवं रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पिता ने थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि दीपक कुमार पंडित उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।मामले को गंभीरता से लेते हुए हंसडीहा थाना पुलिस ने कांड संख्या 58/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस किशोरी की बरामदगी एवं आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर जांच में जुट गई है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है तथा जल्द ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शिवगंगा के निकट अधेड़ की मौत, शिनाख्त नहीं

**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ शिवगंगा के निकट गुरुवार की सुबह एक व्यक्ति अचेत हो गया है। स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना मिलने पर बासुकीनाथ मंदिर के एंबुलेंस चालक कुंदन राव के द्वारा तत्परता के साथ अचेत पड़े व्यक्ति को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया।

जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर जरमुंडी पुलिस के पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

### भाजपा की जिला बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन

## जनसमस्याओं को प्राथमिकता दें, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करें : भानु प्रताप शाही



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** भारतीय जनता पार्टी दुमका जिला की मासिक जिला पदाधिकारी बैठक गुरुवार को परिसदन में जिलाध्यक्ष रूपेश मंडल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भानु प्रताप शाही मुख्य अतिथि तथा जिला प्रभारी अशोक उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों की समीक्षा करते हुए आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों तथा जनहित से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य अतिथि भानु प्रताप शाही ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा जनता के सुख-दुख की सहभागी पार्टी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से स्थानीय जनसमस्याओं को गंभीरता से उठाने और आम लोगों को न्याय दिलाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं और उन्हें केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए निरंतर जनता के बीच रहना चाहिए। जिला प्रभारी अशोक उपाध्याय ने संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ता संवाद और आगामी कार्यक्रमों के सफल संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की संगठनात्मक गतिविधियों एवं स्थानीय समस्याओं की जानकारी साझा करते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में जिलाध्यक्ष रूपेश मंडल, जिला प्रभारी अशोक उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## झामुमो ने संगठन को मजबूत करने की बनायी रणनीति



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** कन्वेंशन सेंटर में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से बूथ समिति और बीएलए-2 को लेकर एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक का किया गया। इस उच्च स्तरीय बैठक में क्षेत्र के कई प्रमुख राजनीतिक दिग्गज एक साथ मंच पर नजर आए। बैठक में मुख्य रूप से दुमका के विधायक बसंत सोरेन, दुमका के सांसद नलिन सोरेन, जामा की विधायक डॉ. लुईस मरांडी, शिकारीपाड़ा के विधायक आलोक सोरेन और दुमका जिला परिषद की अध्यक्ष जॉयस बेसरा मौजूद रहीं।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन झामुमो दुमका के जिला अध्यक्ष शिव कुमार बास्की ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शिव कुमार बास्की ने कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त व मजबूत बनाने के लिए सभी बूथ समितियों का गठन और बीएलए-2 की नियुक्ति बेहद आवश्यक है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथ पर पूरी तरह सक्रिय भूमिका निभाने और मतदाता सूची के सत्यापन कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की पुरजोर अपील की। बैठक के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती देने, आगामी चुनावी तैयारियों को धार देने और सरकार की जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की रणनीति पर गहन चर्चा की।

## मसानजोर डैम प्रोजेक्ट पर डीसी ने कहा- पेयजल योजना में देरी बर्दाश्त नहीं

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने गुरुवार को मसलिया प्रखंड के कमारसली गांव पहुंचकर जामा और जरमुंडी प्रखंडों के लिए बन रही बहु-ग्रामीण जलापूर्ति योजना का औचक निरीक्षण किया। मसानजोर डैम परिसर में चल रहे इस निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और समय-सीमा की अधिकारियों के साथ समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उपायुक्त को बताया कि इस बेहद महत्वपूर्ण योजना से जामा प्रखंड की 14 और जरमुंडी प्रखंड की 13 पंचायतों को जोड़ा जाएगा। इससे क्षेत्र के 1.60 लाख से अधिक ग्रामीणों के घरों तक सीधे स्वच्छ पेयजल पहुंचेगा। वर्तमान में योजना के तहत वाटर इंटेक वेल और अन्य ढांचों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

अधिकारियों ने जानकारी दी कि वाटर इंटेक का निर्माण अंतिम चरण में है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित



निर्माण एजेंसी और अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि अगले 45 दिनों के भीतर वाटर इंटेक से जुड़े सभी काम हर हाल में पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने साफ लफ्जों में चेतावनी दी कि हजारों ग्रामीण परिवारों के स्वास्थ्य और जरूरत से जुड़ी इस परियोजना में किसी भी तरह की ढिलाई या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपायुक्त ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि दोनों प्रखंडों का कोई भी गांव या परिवार इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। यदि जरूरत पड़े, तो अतिरिक्त परिवारों को भी समय रहते इस सूची में शामिल किया जाए।

## पत्नी के वियोग से आहत युवक ने फांसी लगाकर दी जान, दो मासूम के सिर से उठा पिता का साया

**मसलिया ।** मसलिया थाना क्षेत्र से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां पारिवारिक तनाव और पत्नी के वियोग से आहत एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान राजेश मिर्धा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश मिर्धा अपने घर के सामने ढाबा चलाने के साथ-साथ अपनी बड़ी बहन की दुकान का संचालन कर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार उसकी पत्नी रीता देवी का संपर्क किसी वाहन चालक से हो गया था, जिससे पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि बढ़ते विवाद के बाद 1 जून को सामाजिक और कानूनी सहमति के साथ राजेश ने अपनी पत्नी को उसके मायके वालों के सुपुर्द कर दिया था। पत्नी के जाने के बाद से राजेश मानसिक तनाव में रहने लगा था। मृतक के पिता ने बताया कि बुधवार शाम को उसने एक ट्रक चालक के साथ बातचीत की थी। इसके बाद देर रात वह घर से निकल गया। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने घर से करीब 500 मीटर दूर एक महुआ के पेड़ पर उसका शव फंदे से लटका हुआ देखा। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मसलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा आत्महत्या के कारणों की पड़ताल कर रही है। राजेश अपने पीछे दो मासूम पुत्र–11 वर्षीय पीयूष मिर्धा और 9 वर्षीय अंकुश मिर्धा–को छोड़ गया है।

## मधुबन में केक काट मनाया गया लालू प्रसाद का जन्मदिन, ग्रामीणों ने की रेलवे हॉल्ट की मांग



**दुमका।** राष्ट्रीय जनता दल, दुमका जिला इकाई द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सामाजिक न्याय के प्रखर प्रणेता लालू प्रसाद यादव का गुरुवार को 79वां जन्मदिन जरमुंडी प्रखंड के दलित व अल्पसंख्यक बहुल गांव मधुबन में अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष डॉ. अमरेन्द्र कुमार यादव ने की, जबकि संचालन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मो. जमील अख्तर और संयोजन प्रखंड अध्यक्ष गणेश भंडारी ने किया। इस दौरान राजद कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर केक काटा, मिठाइयां बांटीं और लालू प्रसाद यादव के स्वस्थ, सुखद व दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं, बच्चों और ग्रामीणों ने पार्टी नेताओं के समक्ष क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं रखीं। ग्रामीणों ने पुरजोर तरीके से मधुबन में रेलवे हॉल्ट निर्माण की मांग उठाई। इस जनभावना का समर्थन करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. अमरेन्द्र यादव ने कहा कि मधुबन में रेलवे हॉल्ट बनने से जरमुंडी प्रखंड के साथ-साथ देवघर जिले के सोनारायठाढ़ी प्रखंड के हजारों लोगों को रेल आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। राजद जनहित की इस पुरानी मांग को लेकर लगातार आवाज उठाएगा।

## आमने-सामने टकराई दो बाइक, पांच लोग लहूलुहान, जिंदगी की जंग लड़ रहे घायल

**दुमका।** मसलिया-दुमका बायपास रोड पर बरमसिया के पास बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सिदपहाड़ी-नोनीहाटवारी मार्ग पर विपरीत दिशाओं से आ रही पल्सर और एचएफ डीलक्स बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार पांचों युवक हवा में उछलकर काफी दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तुरंत एम्बुलेंस से दुमका के फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया।




स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686